CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 300 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 25 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा के अथक प्रयास, जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज का कार्य जल्द होगा शुरू

**सोमवार**

**को जयपुर मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज के बारे में चर्चा की**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर मेट्रो के दूसरे पेज के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने को लेकर अलर्ट मोड पर आ गए हैं इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने जयपुर मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारियों और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ काफी देर तक चर्चा की और इस चर्चा में जयपुर मेट्रो के दूसरे पेज के कार्य को जल्दी से जल्दी संपादित किए जाने के निर्देश दिए । जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में केंद्र सरकार के कई मंत्रियों के साथ मुलाकात की थी जिसमें प्रदेश में संपादित हो रहे कई केंद्रीय प्रोजेक्ट प्रोजेक्ट से जुड़े विषय में उन्होंने केंद्र सरकार से वित्तीय स्वीकृति देने का आग्रह किया था जिसमें केंद्रीय मंत्रियों ने भजनलाल शर्मा को केंद्र से पूरी मदद दिए जाने का भरोसा भी दिलाया था इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी लंबी मुलाकात की थी इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज के लिए वित्तीय सहायता की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था जिसे मनोहर लाल खट्टर ने स्वीकार भी कर लिया था और अब सोमवार को जिस तरह से उन्होंने जयपुर मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारियों के साथ काफी देर तक जयपुर मेट्रो के फेज को लेकर चर्चा की और इस दूसरे पेज के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने के निर्देश दिए इसके बाद अब ऐसा लग रहा है कि भजनलाल सरकार के इस कार्यकाल में जयपुर मेट्रो फेज का दूसरा चरण भी पूरा हो सकेगा इसके बाद जयपुर के लोगों के लिए यह एक बहुत अच्छी सौगात हो सकती है जानकारी के अनुसार जयपुर मेट्रो फेज के दूसरे चरण में प्रहलादपुर से हरमाड़ा घाटी तक जयपुर मेट्रो का संचालन होने की बात कही जा रही है जिसमें पहले 36 मेट्रो स्टेशन बनाने की बात कही जा रही थी और अब 37 मेट्रो स्टेशन स्थापित किए जाने की बात कही जा रही है यह स्टेशन हरमाड़ा अंबाबाड़ी पानी पेज कलेक्ट्री एसएमएस अस्पताल गांधीनगर रेलवे स्टेशन बी-2 बायपास सीतापुर इत्यादि जगहों पर मेट्रो के स्टेशन स्थापित किए जाएंगे इसलिए जब मेट्रो का दूसरा चरण बनकर पूरा होगा और दूसरे चरण पर मेट्रो ट्रेन का संचालन होने लगेगा तो निश्चित रूप से जयपुर के अधिकांश इलाके को जयपुर कवर करने में सफल होगी जो जयपुर की परिवहन व्यवस्था के लिए काफी सहायक साबित होगी जयपुर मेट्रो के पहले चरण में जयपुर मेट्रो का जो संचालन हो रहा है उसमें यात्री भार में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है लोग मेट्रो में अब ज्यादा यात्रा करने लगे हैं क्योंकि मेट्रो में सफर करने से एक तरफ जहां यात्रियों को सफर में कम समय लगता है तो दूसरी तरफ मेट्रो ट्रेन में सफर करने में उनकी सुरक्षा भी अच्छी रहती है किसी भी तरह की कोई परेशानी उन्हें मेट्रो में यात्रा के दौरान नहीं होती इसलिए जयपुर मेट्रो जयपुर की परिवहन व्यवस्था के लिए एक बहुत अच्छी योजना है और अब जब दूसरा फेज बनकर पूरा हो जाएगा तो निश्चित रूप से यह जयपुर की जनता के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी होगी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर हैं क्योंकि यह एक बहुत बड़ी परियोजना है इसमें भारी भरकम बजट है इसलिए राजस्थान सरकार केंद्र सरकार के देश के विभिन्न शहरोंके आधारभूत ढांचे को विकसित करने के क्रम में अपने स्तर पर भी वित्तीय सहयोग देती है इसीलिए भजनलाल शर्मा ने पिछले कुछ महीनो में कई बार केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की जिसमें जयपुर और प्रदेश के अजमेर कोटा उदयपुर जैसे शहर में संपादित हो रहे विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता की डिमांड की थी जिसको खट्टर ने स्वीकार भी किया है इसी क्रम में उन्होंने जयपुर मेट्रो फेज के दूसरे चरण को भी जल्दी से जल्दी शुरू करने की आवश्यकता बताई थी जिस पर खट्टर ने केंद्र से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया था इसीलिए अब मुख्यमंत्री शर्मा जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज को जल्दी से जल्दी शुरू करने की दिशा में अधिकारियों को अलर्ट कर रहे हैं

# मोदी के मार्गदर्शन में रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं करवाई जा रही उपलब्ध : अश्वनी वैष्णव

**दो मेमू ट्रेनों दिल्ली जंक्शन-शामली-दिल्ली जंक्शन और दिल्ली शाहदरा शाहदरा-शामली-दिल्ली शाहदरा को हरी झंडी दिखाई**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को बड़ौत स्टेशन पर दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू ट्रेन सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान पूर्व सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह और अन्य अन्य जनप्रतिनिधि मौजूदरहे । इस मौके पर आयोजित इस अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल यात्रियों की बेहतर सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू सेवाओं के प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के डेली पैसेंजर्स छात्र किसान और प्रोफेशनल्स को बेहतर मोबिलिटी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शामली स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है शामली-बागपत क्षेत्र की एक लंबे समय से लंबित मांग पर सोमवार को दो नई मेमू ट्रेनों के उद्घाटन के साथ पूरी हो रही है। ये ट्रेनें इस क्षेत्र के लोगों के लिए यात्रा को आसान बना देंगी। श्वैष्णव द्वारा दिल्ली-शामली खंड के दोहरीकरण की घोषणा के समय, बड़ौत स्टेशन पर उपस्थित विशाल जनसमूह ने तालियाँ बजाकर इसका स्वागत किया। मंच पर उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए अश्विनी वैष्णव का आभार भी व्यक्त किया। वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद 5272 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं जो स्विट्जरलैंड के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों का शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन किया जा चुका है। इसके अलावा वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में 1460 फ्लाईओवर तथा रोड अंडर ब्रिज बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 154 लिफ्ट और 156 एस्केलेटर लगाए गए हैं, 771 स्टेशनों पर वाईफाई की सुविधा प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश में अभी 34 वंदे भारत एक्सप्रेस और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

# भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार जीता कबड्डी विश्व कप खिताब, पीएम मोदी ने दी बधाई



ढाका

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को कबड्डी विश्व कप के फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म दिखाया। ग्रुप चरण के सभी मैच जीतकर टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जहां उसने ईरान को 33-21 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। चीनी ताइपे भी अपने ग्रुप में अपराजित रही और सेमीफाइनल में मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में पहुंची थी। भारतीय महिला कबड्डी टीम की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, कबड्डी विश्व कप 2025 जीतकर देश को गर्व महसूस कराने के लिए हमारी इंडियन विमेंस कबड्डी टीम को बधाई! भारतीय टीम की जीत पर बात करते हुए हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, 'महिला टीम ने ऐसा प्रदर्शन किया है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। टीम का आत्मविश्वास और सामूहिक खेल लाजवाब था। एक पूर्व भारतीय खिलाड़ी होने के नाते मैं जानता हूं कि इस स्तर तक पहुंचना कितना मुश्किल होता है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को ढेरों बधाई।' वहीं, पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच अजय ठाकुर ने कहा, 'ढाका में महिला टीम ने लगातार दूसरा विश्व कप अपने नाम किया, यह भारत के लिए बेहद गर्व का क्षण है। उनकी शानदार रन और दमदार प्रदर्शन से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में महिला कबड्डी कितनी आगे बढ़ी है। यह खेल की वैश्विक लोकप्रियता का भी प्रमाण है, और मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह गति और बढ़ेगी।'

**दिल्ली में प्रदूषण की मारः**

# सरकारी और निजी दफ्तरों के 50' कर्मी करेंगे वर्क फ्रॉम होम, आदेश हुआ जारी



नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ ऑन साइट काम करने और बाकी को वर्क फ्रॉम होम करने के आदेश दिए गए हैं। सरकार का कहना है कि यह कदम एहतियात के तौर पर लिया गया है, जिससे शहर में वाहनों की संख्या कम होगी और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर घटेगा। सरकार ने सभी से आदेश को मानने की अपील की है।

## धुंध के साथ हुई सप्ताह के पहले दिन की शुरुआत

राजधानी में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण में भले ही थोड़ा सुधार आया है, लेकिन जहरीली फिजा से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। सोमवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में 9 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 397 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 396, ग्रेटर नोएडा में 382 और गुरुग्राम में 286 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 396 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 20.45 फीसदी रहा। इसके अलावा, पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण 1.97, निर्माण गतिविधियां से होने वाला 3.10 और आवासीय इलाकों की भागीदारी 5.30 फीसदी रही। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बुधवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर हवा गंभीर और कई में बेहद खराब में रिकॉर्ड की गई।

# बेहद आम इंसान की तरह फरियादियों से मिले भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन, प्रदेश भर से आए लोगों ने बताई अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश भर से अपनी शिकायत और पीड़ा लेकर आए लोगों से बेहद आम इंसान की तरह मुलाकात की मुख्यमंत्री शर्मा ने मुलाकात के दौरान लोगों को यह एहसास ही नहीं होने दिया कि वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं बल्कि उन्हें यह एहसास हुआ कि वह अपने किसी परिवार के सदस्य से ही मुलाकात कर रहे हैं इसलिए लोगों ने मुख्यमंत्री के हाव-भाव और उनकी बॉडी लैंग्वेज को देखकर काफी प्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने अपने मन की सारी पीड़ा और जो भी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री आवास पर आए थे उन शिकायतों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया इन शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने तुरंत ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा नियमित रूप से सप्ताह में निर्धारित दिन मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं अगर निर्धारित दिन जयपुर से बाहर रहते हैं तो उनकी अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास पर नियुक्त सीनियर अधिकारी प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतों को सुनता है और उनके निराकरण के प्रयास भी करते हैं जानकारी के अनुसार अपने आवास पर होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री शुरू से ही काफी गंभीर रहते हैं और हर जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों के बारे में नियमित रूप से अधिकारियों से फीडबैक भी लेते रहते हैं जनसुनवाई कार्यक्रम में कितनी शिकायत आई कितनी शिकायतों का निस्तारण किया गया कितनी शिकायतों का निस्तारण होना बाकी है जीन शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ उसके क्या कारण रहे इन सब के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा नियमित रूप से अधिकारियों से फीडबैक लेते रहते हैं इसीलिए मुख्यमंत्री आवास पर फरियादियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद उनकी समस्या का समाधान हो ही जाएगा इसलिए इस कार्यक्रम को लेकर खुद मुख्यमंत्री भी हमेशा गंभीर नजर आए बड़ी बात यह है कि अपने आवास पर होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से मुख्यमंत्री शर्मा सहज भाव से मुलाकात करते हैं और उसे अपनी बात कहने का पूरा मौका देते हैं और मुख्यमंत्री शर्मा खुद भी उनसे शिकायत के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल करते हैं मुख्यमंत्री के सहज स्वभाव को देखते हुए पीड़ित व्यक्ति भी खुलकर अपनी शिकायत बताता है मुख्यमंत्री अपने इस सहज व्यवहार को लेकर हमेशा ही जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाले लोगों में चर्चा का विषय बने रहते हैं । जानकारी के अनुसार इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण इलाके से आने वाले लोगों से बाकायदा उन्हीं की भाषा में बात करते हैं ताकि ग्रामीण ठीक तरह से अपनी बात उनके सामने रख सके ।

# हिंदी फिल्मों के एक युग का अंतः करोड़ों लोगों के दिलों के राजा धर्मेंद्र का निधन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत और दुनिया के कई मुल्कों में करोड़ों लोगों के दिलों के राजा और अपनी जवानी के दिनों में हिंदी फिल्मों के नायकों में सबसे खूबसूरत और सबसे अच्छी पर्सनालिटी के मालिक धर्मेंद्र का आखिरकार सोमवार को निधन हो गया लंबे समय से बीमार थे पिछले दिनों अस्पताल में उनका ट्रीटमेंट भी किया गया बाद में परिजनों ने उन्हें अपने आवास पर लाना ज्यादा मुनासिब समझा इसके बाद डॉक्टरों की टीम धर्मेंद्र के जुहू स्थित बंगले पर नियमित रूप से उनका उपचार कर रही थी लेकिन सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली अपने लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में कार्य किया धर्मेंद्र ने हर तरह की भूमिका निभाई वह जितने खूबसूरत थे उतने ही दिल के भी काफी अच्छे थे और फिल्म निर्माण के दौरान सेट पर छोटे से छोटे कर्मचारियों का भी पूरा ख्याल रखते थे जरूरत पड़ने पर स्टाफ की वित्तीय मदद भी किया करते थे अगर वह चाहते तो अपने जमाने के किसी भी नायक को अपनी अभिनय कला और खूबसूरती के दम पर अपने सामने हिंदी फिल्म जगत में नहीं टिकने देते लेकिन उन्होंने कभी भी स्टारडम और सुपर डुपर होने जैसे विषय पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया बल्कि जनता से मिले प्यार को वह सबसे बड़ा आदर और सम्मान मानते थे पैसों को ज्यादा अहमियत नहीं देते थे निर्माता निर्देशक उनके आगे फिल्मों का ऑफर लेकर चक्कर काटते रहते थे धर्मेंद्र अपने जमाने में कई अन्य बड़े कलाकारों को फिल्म निर्माता से खुद काम दिलाया करते थे इस तरह की उनकी पर्सनैलिटी थी उन्होंने अपने इतने लंबे हिंदी फिल्म करियर में कभी भी किसी का दिल नहीं दुखाया हमेशा फिल्म निर्माता निर्देशक और यहां तक की स्टाफ बॉय का भी सहयोग किया करते थे एक सच्चे दिल इंसान का इस तरह से चले जाना हिंदी फिल्म जगत के एक युग के समापन का अंत होने जैसा है इसीलिए उनके अंतिम संस्कार में आज के जमाने के बड़े-बड़े सुपरस्टार भी शामिल हुए जो धर्मेंद्र को अपना आइडियल मना करते थे जो खुद में धर्मेंद्र की छवि देखा करते थे उनमें एक सलमान खान भी है धर्मेंद्र के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित विभिन्न दलों के सभी नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है सोमवार को मुंबई स्थित विले पार्ले शमशान घाट पर उनके बड़े पुत्र और मशहूर कलाकार सनी देओल ने मुखाग्नि दी इस मौके पर धर्मेंद्र की धर्मपत्नी हेमा मालिनी ईशा देओल और देओल परिवार के सभी सदस्य धर्मेंद्र की पूर्व पत्नी और परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे इसके अलावा सलमान खान अक्षय कुमार संजय दत्त सलीम खान जैकी श्रॉफ और हिंदी फिल्मों के तमाम छोटे बड़े कलाकार निर्माता निर्देशक मौजूद रहे मेरा गांव मेरा देश फिल्म में उनके साथ काम कर चुकी मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख ने कहा उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा और आज वे कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है वर्ष 2003 में राजस्थान में वसुंधरा राजे के नेतृत्व में भाजपा की सरकार का गठन हो चुका था उस समय जाट समाज के दिग्गज नेता विजय पूनिया के कहने पर धर्मेंद्र ने बीकानेर से चुनाव लड़ने का मन बनाया हालांकि धर्मेंद्र की राजनीति में आने की इच्छा नहीं थी लेकिन विजय पूनिया ने उन्हें लोगों की सेवा करने का हवाला देकर चुनाव लड़ने के लिए राजी किया जिसमें बीकानेर में भाजपा की ओर से उन्हें टिकट दिया गया बीकानेर में धर्मेंद्र ने बड़े मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की हालांकि उस समय केंद्र में यूपीए सरकार का गठन हुआ था

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
25 नवम्बर, 2025


## प्रो. आर आर सोनी को एमफी का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स ऑफ़ इंडिया (AMFI) द्वारा दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित एक सम्मान समारोह में अलवर निवासी प्रो. आर आर सोनी को ' चैंपियन ऑफ इन्वेस्टर एजुकेशन एंड अवेयरनेस-2025' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें प्रतिभूति बाजार की नियामक संस्था सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में सेबी के वरिष्ठ अधिकारी अमित प्रधान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एमफी प्रमुख वेंकट चेलासानी, वरिष्ठ सलाहकार सूर्यकांत शर्मा, पूर्व कार्यकारी निदेशक, जी पी गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे प्रोफेसर सोनी को यह सम्मान उनके द्वारा सेबी की ओर से 3000 से अधिक निवेशक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रदान किया गया।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राज्य सरकर के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास पुस्तिका का प्रकाशन एंव प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है जिसके लिए उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति, विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं को समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की प्रगति हेतु उच्च स्तर पर नियमित फॉलो अप करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमीवाल, डिप्टी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूरणमल मीणा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नेतरा गांव में श्री मीरा माधव सरकार भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित


### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करेंगे शिरकत सभी तैयारियां पूरी

**सुमेरपुर(निसं.)** उपखंड के नेतरा गांव में आयोजित होने वाले श्री मीरा माधव सरकार के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शिरकत करने को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। और अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद उपखंड प्रशासन, पुलिस विभाग और आयोजन समिति के अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च स्तर पर पूरी की जाएं,ताकि यह पावन आयोजन श्रद्धा,भक्ति और पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि यह समारोह प्रदेश के लिए आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, इसलिए व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मंत्री ने मंच स्थल,श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग,सुरक्षा, बैरिकेडिंग,पेयजल, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन सहित सभी जरूरी बिंदुओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की। इस बीच प्रशासन ने भी कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारियाँ कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा विशेष रणनीति तैयार की जा रही है,वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएँ भी की जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री आएंगे आज

मुख्यमंत्री 25 नवम्बर को करेंगे आगमन आयोजन समिति के अनुसार,मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 नवम्बर दोपहर 12.30 बजे हेलिकॉप्टर से नेतरा पहुंचेंगे। वे सीधे श्री मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थल पर पहुंचकर अनुष्ठान में भाग लेंगे और श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने हेलिपैड से लेकर आयोजन स्थल तक सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। गांव व आसपास के क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है।

## डीडवाना-कुचामन पुलिस की जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1.91 लाख नकद बरामद



**कुचामन सिटी/नांवाशहर(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में कुचामन सिटी क्षेत्र में जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नांवाशहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 जुआरियों को गिरफ्तार कर करीब 1 लाख 91 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचन्द खारिया, वृताधिकारी कुचामन सिटी मुकेश चौधरी के सुपरविजन में थाना नांवाशहर के थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक नन्दलाल मय जाप्ता द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 23-24 नवम्बर 2025 की रात्रि को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुढ़ा साल्ट में मुलचंद के नवनिर्माण मकान के एक कमरे में ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए 9 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में गोपालराम पुत्र रतनाराम (निवासी लुणवा), चंद्राराम पुत्र हुक्माराम (निवासी हेमपुरा), धर्मेंद्र कुमार पुत्र मालूराम (निवासी गुढ़ा साल्ट), मनोज पुत्र हरीशचंद्र (निवासी मिश्रों की गली, कुचामन सिटी), प्रदीप कुमार पुत्र संतोष जैन (निवासी सेठ रोड, नांवाशहर), चुन्नीलाल पुत्र बालूराम (निवासी खटीक मोहल्ला, नांवाशहर), सुभाषचंद पुत्र फुलचंद (निवासी हरियाजन, कुचामन सिटी), रामेश्वर पुत्र भींवाराम (निवासी राजास) एवं महिपाल सिंह पुत्र अर्जुन सिंह (निवासी लुणवा) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डियां व कुल 1,91,000 रुपये नकद जब्त कर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में जुए एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आरजीएचएस बोर्ड लगाकर भी दवा देने से इनकार

### सरकारी सुविधा के बाद भी मरीज परेशान

### मेडिकल स्टोर्स की मनमानी पर सवाल

**जयपुर टाइम्स/अलवर(निसं.)।** राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस का लाभ लेने पहुँचे मरीज इन दिनों जबरदस्त परेशानियों का सामना कर रहे हैं जिले के कई मेडिकल स्टोर्स पर बड़े अक्षरों में 'यहाँ आरजीएचएस की दवाई मिलती है' का बोर्ड लगा हुआ है, लेकिन जमीन पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है-दुकानदार पर्ची में लिखी दवाएँ देने से साफ मना कर रहे हैं। इससे सरकार की मंशा और दुकानदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सरकारी सुविधा उपलब्ध फिर भी सेवा से इंकार

सोमवार को एक मरीज अपने परिजन के साथ निर्धारित आरजीएचएस दवाएँ लेने पहुंचा। लेकिन दुकानदार ने दवा देने से मना




कर दिया वही दुकान पर बोर्ड लगा है कि यहाँ आरजीएचएस की दवा मिलती है, पर जब असल में दवा चाहिए तो मना कर देते हैं। नकद खरीदो तो दवा तुरंत मिल जाती है।

### भुगतान प्रक्रिया का बहाना योजना का लाभ बाधित

स्थानीय लोगों का दावा है कि कई मेडिकल स्टोर योजना के मरीजों को दवा देने से इसलिए कतराते हैं क्योंकि आरजीएचएस का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया से देर से आता है बिलिंग और पोर्टल अपडेट में समय लगता है दुकानदारों को नकद बिक्री ज्यादा लाभदायक लगती है

### लेकिन सवाल उठता है

अगर सुविधा देने की इच्छा नहीं है तो बोर्ड लगाकर मरीजों को भ्रमित क्यों किया जा रहा है जिसके कारण मरीजों को अतरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दवा न मिलने की स्थिति में मरीजों को अलग-अलग दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते हैं ओर समय बर्बाद होता है साथ ही गंभीर रोगों में उपचार में देरी का खतरा बढ़ जाता है कई बार दवाएँ खुद खरीदकर जेब से खर्च करना पड़ता है आरजीएचएस योजना का मकसद गरीब और मध्यमवर्गीय कर्मचारियों को राहत देना था, लेकिन लाभार्थियों का कहना है कि योजना का लाभ सिर्फ कागजों पर दिख रहा है जमीन पर नहीं।

### भ्रामक बोर्ड उपभोक्ताओं में आक्रोश

कई लोगों ने आरोप लगाया कि दुकानों पर लगे आरजीएचएस बोर्ड सिर्फ ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए हैं अगर सेवा उपलब्ध नहीं है, तो बोर्ड हटाया जाए। यह सरकारी योजना के नाम पर ग्राहकों को गुमराह करना है। '

### प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, ड्रग्स कंट्रोल विभाग और चिकित्सा अधिकारियों से मांग की है कि दुकानों की ऑन-ग्राउंड जांच की जाए बोर्ड लगाने वाले मेडिकल स्टोर्स की सत्यता सुनिश्चित की जाए जो दुकानदार योजना का पालन नहीं कर रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई हो मरीजों को वास्तविक समय पर दवाएँ सुनिश्चित की जाएँ आरजीएचएस मरीजों को दवा उपलब्ध कराना स्टोर्स की जिम्मेदारी है।

### स्वास्थ्य योजनाओं पर भरोसे की कसौटी

मरीजों का कहना है कि आरजीएचएस जैसी योजनाएँ तभी सफल होंगी जब प्रशासन निगरानी मजबूत करे और मेडिकल स्टोर्स नियमों का पालन करें अन्यथा, सरकारी सुविधा होने के बावजूद लोग दवा के लिए भटकते रहेंगे और स्वास्थ्य योजनाओं पर जनता का भरोसा टूटेगा ।


### इनका कहना

*प्राय: संज्ञान में आ रहा है कि आरजीएचएस में दवा स्टोर की कंप्लेंट प्राप्त हो जिसमे दवाए उपलब्ध होने के बाद मरीजो को दवाए मेडिकल स्टोर द्वारा नही दी जा रही है आरजीएचएस गबन प्रकरण जाँच के बाद चिकित्सक द्वारा जेनरिक दवाए लिखी जा रही है वही मेडिकल स्टोर भी जेनेरिक दवाए आरजीएचएस मरीजो को उपलब्ध कराए और जो दवाई नही दे रहा उनकी शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी*

***डॉ. योगेंद्र शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी, अलवर***

## बढ़ते वारदातों पर पुलिस सख्त, एसपी के नेतृत्व में तीन घंटे का पैदल मार्च

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर में हाल ही में हुई लूट व अन्य आपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के नेतृत्व में सोमवार शाम 6 से 9 बजे तक शहर के सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक पैदल मार्च निकाला गया मार्च में एडिशनल एसपी (मुख्यालय) विभिन्न थानों के अधिकारी, भारी पुलिस जाप्ता और क्यूआरटी टीम शामिल रही। पैदल मार्च की शुरुआत कोतवाली थाना क्षेत्र से हुई, जहाँ पुलिस ने मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाके और संवेदनशील पॉइंट्स का निरीक्षण किया। इसके बाद मार्च एनईबी क्षेत्र सहित अन्य थानों की ओर बढ़ा। इस दौरान अधिकारियों ने राहगीरों और दुकानदारों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक भी लिया एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि डीजी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में एसपी स्तर पर पैदल गश्त को अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना और आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना है। हाल ही में हुई लूट की वारदात पर उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों की तलाश में तेजी से काम कर रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा उन्होंने स्पष्ट किया कि बढ़ते अपराधों को गंभीरता से लेते हुए नियमित पैदल मार्च, रात्रि गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस का लक्ष्य शहर में अपराध पर प्रभावी रोक लगाना और लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। अलवर पुलिस की यह सक्रियता शहर में बढ़ते अपराधों पर सख्त रुख का स्पष्ट संदेश देती है।

## जिला कलक्टर ने ली गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

### योजनान्तर्गत स्वीकृत 1.50 करोड़ रुपए के कार्यों को एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना अंतर्गत चयनित ब्लॉक रामगढ़ की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना अंतर्गत निर्धारित 39 इंडिकेटर्स में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से योजनान्तर्गत स्वीकृत 1.50 करोड़ रुपए के कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन इत्यादि क्षेत्रों में विकास के कार्य संपादित किए जाएंगे। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 दिवस में स्वीकृत कार्यों की तकनीकी स्वीकृति निकलवाना सुनिश्चित करें तथा 15 दिसंबर तक आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त कार्यों को प्रारंभ करावें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित इंडिकेटर्स में निर्धारित लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, आयोजना विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रदीप, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद सैनी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा, आईसीडीएस विभाग के उपनिदेशक महेश गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य उत्सव के दूसरे दिन मेंहदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने दिखाया हुनर



### बाबा भर्तृहरि नाटक रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के दूसरे दिन राजा भर्तृहरि पैनोरमा परिसर में मेंहदी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता एवं श्री भर्तृहरि नाटक का आयोजन हुआ। मत्स्य उत्सव के अवसर पर भर्तृहरि पैनोरमा परिसर में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की मेहन्दी, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें बडी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट अलवर के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक, कक्षा 9 से 12 तक एवं कॉलेज स्तर पर मेहन्दी प्रतियोगिता आयोजित हुई। रंगोली प्रतियोगिता में बडी संख्या में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढचढकर भाग लिया। मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में बाबा भर्तृहरि पैनोरमा पर ही बाबा भर्तृहरि के जीवनी पर नाटिका का भव्य मंचन हुआ, जिसमें राजऋषि अभय समाज से जुडे कलाकारों द्वारा बाबा भर्तृहरि की जीवन वृतांत को आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया, जिसे स्कूली बच्चों सहित आमजन ने पूरी तनम्यता से नाटक का लुत्फ उठाया। इस दौरान एडीएम शहर बीना महावर, राजस्व अपील अधिकारी संजू शर्मा, पं. धर्मवीर शर्मा, हरिशंकर गोयल, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव, अनुरिता झा एवं हर्षिता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, जनप्रतिनिधिगण, बडी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील नागर एवं प्रेम प्रकाश शर्मा ने किया।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला जल एवं स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने जिले में स्वीकृत जल योजनाओ एवं प्रस्तावित जल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध मे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा एवं कार्य प्रगति की स्थिती की जानकारी प्राप्त की। अधीक्षण अभियंता धर्मवीर सिहं यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन में स्वीकृत 543 ग्रामों में से 501 ग्रामो ( 129610 जल कनेक्शन) के कार्यादेश के तहत 94769 जल कनेक्शन जारी किये जा चुके है। स्वीकृत 543 ग्रामों में 501 ग्रामों के कार्यादेश जारी, 39 ग्राम नान- फिजिबल/ शहरी हो गए एंव शेष 03 ग्रामों की निविदा के प्रक्रियाधीन है। जारी कार्यादेशो में से 256 ग्रामों की योजनाओं 100 प्रतिशत पूर्ण कर, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पंचायतों को हस्तारित की जा चुकी है। जल जीवन मिशन के 317 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर 256 हर घर जल एव 57 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके है, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पचायतों को हस्तानान्तरित किए गए जिस पर जिला कलेक्टर ने प्रगति बढाने हेतू निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि किशनगढ़ बास व 21 गांव में पेयजल हेतु हुई बजट घोषणा की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

# लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की शुरुआत - आओ चले गाँव की ओर

### नि:शुल्क मेडिकल शिविर में 234 लोग हुए लाभान्वित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा एक अदभुत शुरुआत के अंतर्गत जहाँ आमजन शहरो की तरफ भाग रहा है वही लायंस क्लब अलवर मत्स्य 'आओ चले गाँव की ओर' के तहत जरूरतमंद एवं असहाय लोगो की सेवार्थ गाँवों में जाकर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन गाँव हमीरपुर (बानसूर), जिला बहरोड़ - कोटपुतली में किया गया। शिविर संयोजक एम.जे.एफ.लायन रामबाबू गुप्ता ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर,आर.ई.सी.लिमिटेड गुड़गांव एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य तथा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल अलवर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एलोपैथी एवं होम्योपैथी दोनों पद्धति से इलाज किया गया शिविर का शुभारम्भ पिंड माता की पूजा अर्चना के पश्चात शुरू किया गया 10 बजे से 2 बजे तक के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में एलोपैथी पद्धति से 147 मरीज तथा होम्योपैथी से 87 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इसमें 38 लोगों की थायरॉयड, 68 लोगो की मधुमेह, 19 लोगो का हीमोग्लोबीन की जॉच नि:शुल्क की गई वही मोतियाबिंद के 4 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित भी किया गया है। सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरित की गई।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि 'आओ चले गाँव की ओर' मुहीम को प्रारम्भ करने के पीछे मुख्य मकसद ग्रामीण लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है जिसमे सहयोगी संस्था के रूप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की मेडिकल मोबाइल यूनिट तथा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल एवं कॉलेज की मेडिकल टीम अपनी नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान की तद्पश्चात माता रानी के मंदिर में सब्भी ने भक्तिमय गीत गाने के पश्चात देसी घी का बना प्रसाद सभी ने ग्रहण किया।

शिविर में लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन डॉ.मंजू अग्रवाल ,सचिव - लायन सुधा अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष - लायन यामिनी गुप्ता, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल,एम. जे.एफ. लायन डॉ. वी.के. अग्रवाल, एम.जे. एफ. लायन रामबाबू गुप्ता, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल, लायन प्रह्लाद अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन विनोद अग्रवाल, लायन संध्या अग्रवाल, लायन लोकेश यादव, लायन अनीता यादव, लायन म्रदुल खण्डेलवाल, लायन माधुरी खण्डेलवाल, लायन जयदीप यादव, लायन प्रीती यादव, लायन सुनील बंसल, लायन निर्मला बंसल, लायन राजेन्द्र मित्तल, लायन आशा मित्तल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर से सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन एवं लायंस क्लब के पूर्व रीजन चेयरपर्सन एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, डॉ.रमेश, नर्सिंग स्टाफ मनीष, फार्मासिस्ट पवन तथा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल अलवर के डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# विराट नगर को अपराध और बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने में जुटे कुलदीप धनकड़

## अपने निर्वाचन क्षेत्र की सालों से लंबित गंभीर समस्याओं के निवारण के लिए कर रहे सतत प्रयास, बजट में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य मंजूर करवाने में हुए सफल

## विधानसभा के विभिन्न सत्र में विभिन्न विषयों, बजट भाषण और विभिन्न अनुदान मांगों की चर्चा में अपने सटीक और तथ्यात्मक भाषण से सत्ता पक्ष के लोगों का जीता दिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इसे विराटनगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की बदकिस्मती ही कहीं जाएगी की जो क्षेत्र महाभारत कालीन युग से अपनी अलग पहचान रखता है जो क्षेत्र कभी पांडवों की राजधानी हुआ करता था और जो क्षेत्र सम्राट अशोक की यादों से जुड़ा हुआ है वह क्षेत्र अब तक विकास के मामले में काफी पीछे रहा इसे चाहे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या फिर स्थानीय लोगों का अपने अधिकारों और हक के लिए चौकस नहीं रहना नहीं कहें बात चाहे कुछ भी हो वास्तविकता यह है कि ऐतिहासिक विराटनगर समुचित और सर्वांगीण विकास के मामले में प्रदेश के अन्य आसपास के निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में काफी पीछे रहा इसीलिए स्थानीय लोगों का राजनेताओं के प्रति ज्यादा आकर्षण नहीं रहा इस निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के विधायक चुने गए इनमें कुछ राजस्थान सरकार के मंत्री भी बने इसके अलावा यह क्षेत्र जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के तहत आता है इसलिए यहां से चुने गए सांसद केंद्र सरकार में कई बार मंत्री भी रहे लेकिन इसके बावजूद भी विराटनगर का समुचित विकास नहीं हो पाया जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को यहां अब भी कई तरह की गंभीर समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है हालांकि सड़क, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में यहां कार्य हुए हैं लेकिन अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं होने से जो कार्य हुए हैं उनका असर साफ दिखाई नहीं देता लेकिन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद पिछले 2 साल में विराटनगर निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी से हल चलें देखने को मिली है स्थानीय भाजपा विधायक कुलदीप धनकड़ की सक्रियता से भजनलाल सरकार में अब तक जितनी बार भी राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत किए गए उन बजट में विराटनगर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा मंजूर करवाने में धनखड़ काफी कामयाब रहे हैं इसलिए इस बार क्षेत्र के लोगों को यह उम्मीद जगी है कि शायद अब विराटनगर क्षेत्र के दिन सुधर जाएं हालांकि पिछली गहलोत सरकार के दौरान सड़क के क्षेत्र में कार्य हुए लेकिन पानी, बिजली, कानून व्यवस्था, रोजगार, उद्योग जैसे क्षेत्र में सुधार नहीं हुआ जिसकी वजह से सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर लोगों में कोई ज्यादा खुशी देखने को नहीं मिली ।लोगों का यही कहना है कि उनकी परंपरागत गंभीर समस्याएं उनके जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किए हुए हैं तो फिर ऐसी हालातो में इन नई सड़कों का सुख उन्हें कैसे नसीब हो लेकिन पिछले 2 साल में स्थानीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर राजस्थान विधानसभा में ही आवाज नहीं उठाई बल्कि उन्होंने सरकार के मंत्रियों और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक जोरदार तरीके से क्षेत्र के समस्याओं को उठाया उसी का परिणाम रहा की पिछले 2 साल विराटनगर क्षेत्र के विकास के लिए काफी अच्छे साबित हुए अपराधों पर अंकुश तो लगा ही है इसकेअलावा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण और नई सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए सरकार से मंजूर करवाने में धनखड़ सफल रहे। इसके अलावा चिकित्सा, शिक्षा, बिजली कनेक्शन क्षेत्र में भी विकास कार्यों का सिलसिला तेजी से चल पड़ा है जिन्हें देखकर स्थानीय लोगों के चेहरों पर थोड़ी चमक जरूर नजर आने लगी है ।अभी भजनलाल सरकार के करीब 3 साल का समय बाकी है और पिछले 2 साल में स्थानीय विधायक धनखड़ की सक्रियता से लोगों को उम्मीद है कि आने वाले 3 साल भी विराटनगर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकते ह ।





### विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खुलकर की तारीफ, सरकार के 2 साल के कार्यों को बताया ऐतिहासिक

विधायक कुलदीप धनकड़ प्रदेश भाजपा के पूर्व में महामंत्री भी रह चुके हैं वर्तमान में प्रवक्ता हैं इसलिए उनके भाषण शैली और उनके बोलने का अंदाज हमेशा प्रभावित रहा है जो भी बात बोलते हैं तथ्यात्मक तरीके से आंकड़े प्रस्तुत करके अपने भाषण को हमेशा वजनदार बनाते हैं राजस्थान विधानसभा में भी चाहे विभिन्न अनुदान की मांगों पर चर्चा की बात हो या बजट पर बहस हो या फिर अपने निर्वाचन क्षेत्र की कोई डिमांड की बात हो हर विषय पर उन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से अपनी बात अब तक राजस्थान विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में उठाई है ।उन्होंने न केवल अपनी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की बातों को विधानसभा में उठाया बल्कि प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट और सरकार की ओर से अब तक किए गए विभिन्न कार्यों और उपलब्धियां का तथ्यात्मक तरीके से विवरण प्रस्तुत करके विपक्ष के नेताओं की जुबान को बंद करने का प्रयास किया। विधानसभा के अब तक जितने भी सत्र हुए हैं और जितनी भी बैठक हुई है उनमें सत्ता पक्ष की ओर से हर बड़े विषय पर धनखड़ को बोलने का अवसर दिया गया वजह यही है कि हर विषय पर धनखड़ पूरी स्टडी के साथ विधानसभा में आते हैं और फिर आंकड़ों के माध्यम से तथ्यात्मक तरीके से विषय पर जानकारी प्रस्तुत करके अपनी बात रखते हैं इसलिए उनकी बातों को और उनके भाषण को सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य ध्यान पूर्वक सुनते भी हैं लेकिन कई बार अपने भाषण के दौरान कुलदीप धनकड़ कांग्रेस की सरकारों और कांग्रेस के नेताओं पर मर्यादित टीका टिप्पणी करने से भी नहीं चूकते जिसकी वजह से उनकी बातों को लेकर कई बार राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा भी किया लेकिन धनखड़ की खासियत यह है कि वह अपने भाषण में शब्द की मर्यादा का पूरा ध्यान रखते हैं ।उन्होंने राजस्थान विधानसभा में खुले दिल और खुले दिमाग से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खूब तारीफ की मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से पानी के क्षेत्र में लिए गए बड़े-बड़े फैसले और निर्णय से उन्होंने भजनलाल शर्मा को भागीरथ ऋषि तक का दर्जा दिया और उनकी ईमानदारी ,उनकी मेहनत और उनकी सोच को सेल्यूट करके उन्होंने विधानसभा में यहां तक कहा कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने जो कार्य किए हैं ऐसे कार्य राजस्थान के इतिहास में इतने कम समय में सबसे पहले किसी भी पार्टी की सरकार ने नहीं किया उन्होंने बाकायदा भजनलाल सरकार और पिछली गहलोत सरकार की ओर से सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, किसान की ऋण माफी सहकारिता रोजगार जैसे मामलों में किए गए कार्यों की तुलना करते हुए तथ्यात्मक तरीके से आंकड़े प्रस्तुत करके सटीक जानकारी देकर यह बताने का प्रयास किया कि भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में ही जो कार्य किए हैं इतने कार्य पिछली गहलोत सरकार ने पूरे 5 साल में नहीं किया इतना ही नहीं उन्होंने विधानसभा में अपने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं और विकास से जुड़े विषयों को भी प्रभावी ढंग से रखा उसी का नतीजा रहा कि विराट नगर निर्वाचन क्षेत्र को भजनलाल सरकार के हर बजट में अच्छी सौगात मिली ।

## अपराध मुक्त होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा विराटनगर

पिछले कई सालों से विराटनगर अपराध के मामलों में काफी सुर्खियों में रहा पिछली गहलोत सरकार के दौरान यहां कई बड़े-बड़े गोलीकांड हुए व्यापारियों के साथ मारपीट हफ्ता वसूली और लूट जैसी गंभीर अपराध की घटनाओं ने यहां के लोगों को काफी भयभीत और परेशान रखा खासतौर से व्यापारियों में हमेशा डर बना रहता था स्थानीय गुंडा गैंग से जुड़े लोग ही नहीं बल्कि हरियाणा दिल्ली और अन्य राज्यों के बदमाशों की बढ़ती सक्रियता ने स्थानीय जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया ऐसा नहीं है कि पिछले गहलोत सरकार के दौरान ही यहां पर अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई बल्कि इससे पहले वर्ष 2008 और 2013 इन विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के फूलचंद भिंडा विधायक थे उस समय भी यहां अपराध की घटनाएं लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई थी लेकिन पिछली गहलोत सरकार के दौरान विराट नगर में अन्य राज्यों के गुंडा गैंग की सक्रियता काफी बढ़ गई थी इसकी वजह से यहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया था। व्यापारी वर्ग हमेशा डरे नजर आते थे ।राजस्थान विधानसभा में भी गहलोत सरकार के समय अपराध के बढ़ते मामलों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य काफी चिंता प्रकट किया करते थे लेकिन तत्कालीन विधायक इंद्राज गुर्जर अपनी पार्टी की सरकार के रहते हुए भी यहां पर अपराधों पर अंकुश लगाने में ज्यादा सफल नहीं रहे गुर्जर पहली बार के विधायक थे और कहीं ना कहीं अशोक गहलोत तो सचिन पायलट के आपस की लड़ाई में वह भी फस गए थे जिसका असर विराटनगर के विकास कार्यों पर भी पड़ा राजस्थान पुलिस के अपराध के आंकड़ों पर भी नजर डालें तो निश्चित रूप से गहलोत सरकार के समय प्रदेश में अपराध के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई थी और विराट नगर भी इस मामले में पीछे नहीं रहा लेकिन वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद और विराटनगर में भाजपा के कुलदीप धनकड़ के विधायक चुने जाने के बाद धनखड़ ने यहां पर सबसे पहले इलाके में अपराधों पर अंकुश लगाने के काम पर ज्यादा फोकस किया ताकि लोगों के चेहरे पर अपराधियों को लेकर जो चिंता की लकीरें छाई रहती है वह लकीरें मिट सके। धनखड़ ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भी लोगों से वादा किया था कि वे विराटनगर क्षेत्र को पूरी तरह से अपराध मुक्त बनाएंगे इस कार्य में उन्हें अब काफी सफलता भी मिली है यह भी सही है कि प्रदेश में पिछले दो साल में अपराधों के आंकड़ों में भी गहलोत सरकार के अपराधों की तुलना में काफी गिरावट आई है और यह गिरावट विराटनगर क्षेत्र में भी देखने को मिली है एक समय ऐसा था जब विराटनगर में गोलीकांड होना आम बात हो गई थी ।लेकिन पिछले 2 साल में विराटनगर में कोई बड़ी अपराध की घटनाएं देखने को नहीं मिली ।जिसकी वजह से क्षेत्र के लोग खुश भी हैं इसकी बड़ी वजह यही है कि धनखड़ यहां नियमित रूप से पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क में रहते हैं उन्हें इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश तो देते ही हैं इसके अलावा इलाके में पुलिस स्टेशन स्तर पर बीट स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के संदर्भ में धनखड़ स्थानीय लोगों को भी पुलिस का पूरा सहयोग करने के लिए कहते हैं। सीएलजी मेंबर व्यापारिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ भी धनखड़ नियमित रूप से बातचीत और संवाद करके इलाके में अमन चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के सतत प्रयास करते हुए दिखाई दिए इसके अलावा इलाके में पुलिस की दिन और रात की निगरानी को प्रभावी ढंग से संपादित हो इसके लिए भी बड़े अधिकारियों से नियमित रूप से संवाद करते रहते हैं जिसका सीधा असर पुलिस स्टेशन की कार्य प्रणाली पर और कार्यशैली पर भी पड़ा है पुलिस स्टेशन स्तर पर पुलिस की व्यवस्थाओं में काफी कुछ सुधार और नवाचार हुआ है इन सब की वजह से यह निर्वाचन क्षेत्र जो पहले अपराध की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहता था अब पिछले दो साल से यहां लूट डकैती नकबजनी हफ्ता वसूली हत्या जैसीगंभीर अपराध की घटनाएं देखने को नहीं मिली जिसका पूरा श्रेय स्थानीय विधायक धनखड़ को दिया जा रहा है क्योंकि इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुलदीप धनकड़ नियमित रूप से पुलिस प्रशासन स्थानीय व्यापारियों सामाजिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित करते रहते हैं आपस की सूझबूझ और आपस के सामूहिक प्रयास से ही इस इलाके में पुलिस को अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफलता ।

## पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं धनखड़

कुलदीप धनकड़ की गिनती भारतीय जनता पार्टी के संगठन में बारीकी से अच्छी जानकारी रखने वाले नेताओं में होती है धनखड़ पूर्व में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भी रह चुके हैं वर्तमान में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पद पर तैनात हैं इसलिए पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों पर बहुत पहले से ही उनकी अच्छी पकड़ रही है और संगठन को गति देने में भी अब तक अच्छी पकड़ रही है इस बात को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि शर्मा भी 20 साल तक प्रदेश भाजपा के महामंत्री रहे हैं इसलिए पूर्व में मुख्यमंत्री शर्मा के साथ कुलदीप धनकड़ ने पार्टी के संगठन में मिलकर अच्छा कार्य किया है यही वजह है कि मुख्यमंत्री शर्मा और धनखड़ दोनों एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं एक दूसरे की खूबियों को अच्छी तरह से जानते हैं और एक दूसरे का काफी आदर और सम्मान भी करते हैं जिसका फायदा कुलदीप धनकड़ को अपने निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सरकार से विकास कार्यों की सौगात लेकर उठाया भी है कुलदीप धनकड़ जाट समाज से ताल्लुक रखते हैं। इसलिए प्रदेश भाजपा के जाट समाज के नेताओं में अग्रिम पंक्तियों में इनका भी नाम आता है कुलदीप धनकड़ जमीन से जुड़े नेता माने जाते हैं। ग्रामीण परिवेश से ताल्लुक रहने के कारण किसानों की पीड़ा को अच्छी तरह से समझते भी हैं ग्रामीणों के बीच में हमेशा रहते हैं इसलिए किसान और ग्रामीण परिवारों की समस्याओं से भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं पिछले प्रदेश में गहलोत सरकार के शासनकाल के दौरान विराटनगर क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धरने ,जुलूस , रैली और जन आंदोलन के माध्यम से क्षेत्र की लोगों की आवाज बन रहे ।हालांकि 2018 के विधानसभा चुनाव में इन्होंने भाजपा से टिकट की मांग की थी लेकिन टिकट नहीं मिलने पर नाराज भी हुए और पार्टी छोड़ने का मन भी बनाया लेकिन इनकी अंदरूनी आत्मा भाजपा छोड़ने के लिए राजी नहीं हुई क्योंकि पार्टी के संगठन को मजबूती देने में इन्होंने खुद सालों तक कड़ी मेहनत की ऐसे में इस मुकाम पर आकर पार्टी को छोड़ना हर किसी के लिए मुश्किल होता है क्योंकि विराट नगर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में पार्टी के संगठन को मजबूती देने में धनखड़ का सबसे बड़ा योगदान रहा प्रत्येक मतदान केंद्र पर भाजपा के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की टीम नियुक्त की इस टीम को चुनाव की जिम्मेदारी देने के अलावा केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां और अच्छे कार्यों के प्रचार प्रसार के अलावा और प्रदेश भाजपा की ओर से जारी आदेशों की पालना के लिए भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई धनखड़ पार्टी से ज्यादा से ज्यादा नए युवाओं को जोड़ने में भी काफी सफल रहे ।धनखड़ के बारे में कहा जाता है कि नए युवा वर्ग को कैसे और किस तरह से जोड़ा जाए इसकी कला में धनखड़ काफी निपुण है इसलिए पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी विषयों में धनखड़ काफी निपुण है इसीलिए इन्हें प्रदेश भाजपा के महामंत्री पद पर भी जिम्मेदारी सौंप गई। इस जिम्मेदारी को भी इन्होंने बहुत शानदार तरीके से निभाया और पार्टी ने जहां भी जो भी जिम्मेदारी दी उसमें ईमानदारी से और पूरी मेहनत के साथ अच्छा परफॉर्मेंस करके प्रदेश भाजपा के नेताओं को ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को भी काफी प्रभावित किया यहां तक की प्रदेश भाजपा के प्रभारी भी धनखड़ के कार्यों से हमेशा प्रभावित रहे ।

## विराट नगर में औद्योगिक माहौल बनाने के कुलदीप धनकड़ के सतत प्रयास

विराट नगर निर्वाचन क्षेत्र में बेरोजगारी की एक बहुत बड़ी गंभीर समस्या सालों से बनी हुई है प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की सरकारें रही और इस निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के विधायक भी चुने गए यहां से चुने विधायक राजस्थान सरकार में मंत्री रहे तो सांसद केंद्र सरकार में मंत्री रहे लेकिन विराटनगर इलाके में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कोई भी नहीं निकल पाया हालांकि सरकारों ने इलाके में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जाने की घोषणा जरूर की लेकिन यह घोषणा सिर्फ कागजी घोषणा साबित हुई हकीकत में यहां बड़े उद्योगों की स्थापना की बात तो दूर, लघु, मध्य और कुटीर उद्योग धंधों से जुड़ी एक भी इकाई की स्थापना नहीं हुई जिसकी वजह से विराटनगर इलाका औद्योगिक क्षेत्र के मामले में पूरे प्रदेश में काफी पीछे रहा स्थानीय लोगों की भी यही पीड़ा रही कि अगर यहां पर थोड़े बहुत भी कुछ नए उद्योग धंधे खुल जाते कुछ फैक्ट्रियां खुल जाती तो स्थानीय पढ़े लिखे युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिल जाता जबकि इलाके में जमीन प्रचुर मात्रा में है जिसका कोई उपयोग नहीं होता सरकार चाहे तो यहां पर व्यापक पैमाने पर औद्योगिक क्षेत्र डेवलप कर सकती है लेकिन यह विराटनगर के लोगों की बदकिस्मती ही है कि प्रचुर मात्रा में जमीन होने के बाद भी यहां उद्योग धंधे नहीं खुल पाए बताया गया है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हैं जो या तो अन्य शहरों में जाकर छोटा-मोटा रोजगार और मजदूरी करते हैं या फिर मन मार कर अपनी खेती के कार्य को संभाल रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि अगर यहां पर बहुत पहले ही औद्योगिक माहौल बना दिया जाता तो अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार यहां अपने आप ही हो जाता लेकिन यहां छोटे-मोटे उद्योग भी स्थापित नहीं किए गए जिसकी वजह से दूर-दूर तक सिर्फ खाली जमीन वीरान सी नजर आती है तकलीफ वाली बात यह है कि यहां सरकारों की ओर से रीको एरिया भी घोषित किया हुआ है लेकिन इस घोषणा को क्रियान्वित नहीं किया गया अगर इसके क्रियान्वयन के लिए स्थानीय स्तर पर चुने गए जनप्रतिनिधि सक्रिय होते तो शायद उद्योगों के खुलने का सिलसिला भी शुरू होता लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की वजह से औद्योगिक क्षेत्र में विराटनगर को कुछ भी हासिल नहीं हुआ लेकिन अब जिस तरह से प्रदेश की भजनलाल सरकार ने राइजिंग राजस्थान में बड़ी संख्या में 35 लाख करोड़ के समझौते किए हैं इन समझौते के क्रियान्वयन के लिए युद्ध स्तर पर सरकार की ओर से प्रयास किया जा रहे हैं एक-एक समझौते को लागू करने के लिए निवेशकों को जमीन का आवंटन भी किया जा रहा है आगामी दिसंबर माह में प्रदेश में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का भी आयोजन हो रहा है इन सब के बीच स्थानीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी विराटनगर क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के लिए सतत रूप से प्रयास शुरू किए हैं धनखड़ किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं अच्छे पढ़े लिखे हैं और बेरोजगार युवाओं की मनोदशा को भी अच्छी तरह से जानते हैं और वह यह भी जानते हैं कि विराटनगर में एक अच्छा औद्योगिक माहौल तैयार करके क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध करवाई जा सकते हैं इसलिए उन्होंने विराटनगर क्षेत्र में औद्योगिक माहौल विकसित करने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं उनका प्रयास है कि राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के तहत अगर विराटनगर में कुछ बड़े औद्योगिक संस्थान खुल जाएं तो फिर क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं की तकदीर भी खुल जाए इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर बातचीत भी की बताएं जानकार लोगों का कहना है कि उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ पूर्व में जयपुर ग्रामीण से सांसद रह चुके हैं इसलिए विराटनगर क्षेत्र के बारे में उन्हें पूरी जानकारी है ऐसे में अब यह उम्मीद की जा रही है कि जिस तत्परता से धनखड़ अपने क्षेत्र में नई फैक्ट्री की स्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं उनके प्रयासों को उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह भी ताकत देंगे तो निश्चित रूप से विराटनगर में भी नई औद्योगिक इकाइयां बहुत जल्दी स्थानीय लोगों को देखने को मिल सकती है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधार




*पूर्व के 29 बिखरे हुए श्रम कानूनों को मिलाकर चार सरल और स्पष्ट श्रम संहिताएं बनाई गई हैं। वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता एवं व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता। 21 नवंबर से ये संहिताएं लागू भी हो गईं। ये संहिताएं एक आधुनिक श्रम ढांचा स्थापित करती हैं, जो श्रमिक-हितैषी और विकास समर्थक हैं। यह दर्शाता है कि भारत अब तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है। सभी क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स ने एक पुरानी पड़ चुकी श्रम प्रणाली से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पहचाना है। श्रमिकों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ संवाद में यही सामने आया कि कार्यस्थल पर स्पष्टता, निष्पक्षता और सम्मान की आवश्यकता श्रम संहिता के मूल में होनी चाहिए। इसी मार्गदर्शक सिद्धांत ने हमारे सुधारों को आकार दिया है। इस सुधार ने पूर्व के जटिल और छितरे हुए तंत्र को ऐसे सिस्टम से बदल दिया है जो*

कई दशकों तक भारत कमजोर आर्थिक विकास, भ्रष्टाचार और रोजगार सृजन एवं श्रमिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के अभाव से जूझता रहा। राजनीतिक उद्देश्यों से होने वाले घेराव और बंदी ने औद्योगिक गतिविधियों को बाधित किया, निवेश को रोका और व्यवस्था में भरोसा तोड़ा। इस जड़ता को तोड़ने के लिए देश के नेतृत्व में बड़ा बदलाव जरूरी था। तब लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'श्रमेव जयते' का आह्वान किया और कहा कि भारत की विकास यात्रा के केंद्र में श्रम की गरिमा यानी मजदूरों का सम्मान होना चाहिए। यह एक नारा ही नहीं था, बल्कि एक नए राष्ट्रीय सोच का आरंभ था, जिसमें नीतियां बनाते समय श्रमिकों को केंद्र में रखा गया। भारत के अधिकांश श्रम कानून 1920 से 1950 के बीच बने थे और उनमें औपनिवेशिक सोच की झलक दिखती थी। जबकि दुनिया में काम करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। गिग और प्लेटफार्म आर्थिकी का बढ़ना, डिजिटल कामकाज, लचीली कार्य संरचनाएं और नए प्रकार के उद्यम तेजी से उभर रहे थे, लेकिन भारत के पुराने श्रम कानून समय के साथ नहीं बदले और आधुनिक कार्यबल या प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे थे। एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पंच प्रण के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें औपनिवेशिक मानसिकता छोड़कर भविष्य की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। पुराने कानून इसलिए नहीं बने रहे, क्योंकि वे अच्छे थे। वे इसलिए बने रहे, क्योंकि पिछली सरकारों में उन्हें बदलने का राजनीतिक साहस, इच्छा शक्ति और दूरदृष्टि की कमी थी। ऐसी राष्ट्रीय आवश्यकता को समझते हुए मोदी सरकार ने भारत के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक को लागू किया। पूर्व के 29 बिखरे हुए श्रम कानूनों को मिलाकर चार सरल और स्पष्ट श्रम संहिताएं बनाई गई हैं। वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता एवं व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता। 21 नवंबर से ये संहिताएं लागू भी हो गईं। ये संहिताएं एक आधुनिक श्रम ढांचा स्थापित करती हैं, जो श्रमिक-हितैषी और विकास समर्थक हैं। यह दर्शाता है कि भारत अब तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है। सभी क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स ने एक पुरानी पड़ चुकी श्रम प्रणाली से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पहचाना है। श्रमिकों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ संवाद में यही सामने आया कि कार्यस्थल पर स्पष्टता, निष्पक्षता और सम्मान की आवश्यकता श्रम संहिता के मूल में होनी चाहिए। इसी मार्गदर्शक सिद्धांत ने हमारे सुधारों को आकार दिया है। इस सुधार ने पूर्व के जटिल और छितरे हुए तंत्र को ऐसे सिस्टम से बदल दिया है जो सरल, पारदर्शी और हर श्रमिक की सुरक्षा करने वाला है। श्रम संहिताएं अपने मूल स्वरूप में नियोक्ताओं की अपेक्षाओं को संतुलित करते हुए श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता देती हैं। वे निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देती हैं और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करती हैं। ये संहिताएं आडियो-विजुअल श्रमिकों और गिग तथा प्लेटफार्म श्रमिकों को औपचारिक मान्यता प्रदान करती हैं। ये अखिल भारतीय ईएसआइसी कवरेज को सक्षम बनाती हैं। 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती हैं। इनमें वे बागान श्रमिक भी शामिल हैं, जो पहले इसके दायरे में नहीं आते थे। ये राज्यों में असमानताओं को कम करने के लिए सभी श्रमिकों के लिए वैधानिक न्यूनतम वेतन की गारंटी देती हैं। अनिवार्य नियुक्ति पत्र, पे स्लिप और सवेतन वार्षिक अवकाश जैसे प्रविधान हर श्रमिक को अधिक स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करते हैं। कांट्रैक्ट आधारित रोजगार के एक प्रगतिशील विकल्प के रूप में संहिताओं में फिक्स्ड टर्म एंप्लायमेंट (एफटीई) यानी निश्चित अवधि के रोजगार की शुरुआत की गई है। एफटीई के तहत एक निश्चित अवधि के लिए नियोजित श्रमिकों को स्थायी कर्मचारियों के समान ही वेतन, लाभ और काम करने की स्थितियां प्राप्त होती हैं, जिनमें सवेतन अवकाश, काम के तय घंटे, चिकित्सा सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य वैधानिक सुरक्षाएं शामिल हैं। विशेष रूप से एफटीई कर्मचारी केवल एक वर्ष की निरंतर सेवा के बाद ही ग्रेच्युटी के लिए पात्र हो जाते हैं। संहिताएं आधुनिक कार्यस्थलों की वास्तविकताओं को भी स्वीकार करती हैं। यदि कोई कर्मचारी स्वेच्छा से मानक घंटों से अधिक काम करना चुनता है तो उसे ओवरटाइम के लिए नार्मल सैलरी रेट से दोगुना पैसा मिलना चाहिए, जिससे हर परिस्थिति में निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। नारी शक्ति इन सुधारों का एक केंद्रीय स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी के महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण से निर्देशित ये संहिताएं महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में शामिल होने के नई राहें खोलती हैं, जिनमें अंडरग्राउंड खदानों, भारी मशीनरी और नाइट शिफ्ट में काम करना शामिल हैं। यह तभी संभव है जब इस पर उनकी सहमति हो और मजबूत सुरक्षा प्रोटोकाल लागू हों। संहिताएं सिंगल रजिस्ट्रेशन, सिंगल लाइसेंस और सिंगल रिटर्न फाइलिंग की शुरुआत करके नियोक्ताओं पर अनुपालन के बोझ को काफी कम करती हैं।

## सम्पादकीय

### तेजस गिरा नहीं, हमारा भरोसा टूटा है! हवा में कैसी है भारत की रक्षा तैयारी?




भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर युद्ध के जो नए आयाम उभर कर सामने आ रहे हैं, उस लिहाज से रक्षा साजो-सामान का अपने देश में निर्माण और उनका उन्नयन बेहद जरूरी हो गया है। स्वदेशी एवं बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस का निर्माण भारत की इसी सोच और इच्छाशक्ति का परिणाम है। इसे देश की रक्षा तकनीक की ताकत का प्रतीक भी माना जाता है। मगर भारतीय वायुसेना में शामिल इस विमान का दुबई में आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो जाने की घटना ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता की राह में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। इस हादसे को इसलिए भी चिंताजनक दृष्टि से देखा जा रहा है, क्योंकि दो वर्ष के इतिहास में यह दूसरी बार है जब तेजस दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इससे पहले मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय सेनाओं के एक त्रि-सेवा अभ्यास के दौरान यह लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब शुरुआती जांच में विमान के इंजन में तकनीकी खराबी की ओर इशारा किया गया था। जहां तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात है तो भारत पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी रक्षा उत्पादन के मामले में एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश में आत्मनिर्भरता एक मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है, जिसने स्थानीय डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को प्रेरित किया है। सरकारी सुधारों, रणनीतिक निवेश और औद्योगिक साझेदारियों ने नवाचार को बढ़ावा देकर घरेलू रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है। भारत ने स्वदेशी रक्षा प्रणाली आकाशतीर, ब्रह्मोस मिसाइल और लड़ाकू विमान तेजस जैसे रक्षा उपकरणों को तैयार कर दुनिया को अपनी तकनीक एवं उसकी शक्ति का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की इस आधुनिक रक्षा प्रणाली ने अपनी क्षमता को बखूबी दर्ज किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का रक्षा निर्यात वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपए हो गया है। यह तस्वीर आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग के लिए देश के निरंतर एवं गहन प्रयासों को रेखांकित करती है। करीब दो दशक के विकास और परीक्षण के बाद लड़ाकू विमान तेजस को बेहद सुरक्षित माना जाता रहा है। इसका निर्माण वर्ष 2007 में शुरू हुआ था और जुलाई 2016 में भारतीय वायुसेना ने तेजस का पहला बेड़ा बनाया। हल्के किस्म के इस विमान का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ने किया है। इसका ढांचा कार्बन फाइबर से बना हुआ है, जो इसे धातु की तुलना में बहुत हल्का और मजबूत बनाता है। इसके भीतर सेंसर तरंग रडार लगा है, जो दुश्मन के विमान से लेकर जमीन से हवा में दागी गई मिसाइल का भी पता लगा सकता है। यानी यह दुश्मन से खुद की सुरक्षा करने में भी सक्षम है। तेजस एमके-1 का उन्नत संस्करण भी जल्द तैयार होने वाला है, जो हवा से हवा में और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों तथा एंटी रेडिएशन मिसाइल रूद्रम-2 से लैस होगा। ऐसे में तेजस की उन तकनीकी कमियों का पूरी सटीकता से पता लगाना और उन्हें दुरुस्त करना बेहद जरूरी है, जो दो बार हादसों का कारण बनी हैं। तभी यह विमान पूरी तरह सुरक्षित एवं मजबूत रक्षा ढाल बन पाएगा।

# नगर परिषद द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम अयोजित करवाए जा रहे हैं- गौरव यादव

### गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए

### कॉमेडियन अशोक मिश्रा एवं राज सोनी और रोमियो की कॉमेडियन से हुए लोगों ने लगाए ठहाके

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर** शरद महोत्सव 2025 में रात्रि को एचबी ग्रुप द्वारा सुपर लाफ्टर कॉमेडी नाईट अशोक मिश्रा एवं राज सोनी और रोमियो का कार्यक्रम अयोजित हुआ। जिसमें कॉमेडियन अशोक मिश्रा एवं राज सोनी ने कॉमेडियन कर दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। बेसब्री से इंतजार कर रहे दर्शकों ने कॉमेडियन अशोक मिश्रा और राज सोनी का तालियां बजाकर अभिवादन किया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव एवं उनकी पत्नी थीं। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि टीओ सतीश बैंसला रहे। जबकि अध्यक्षता एकाउंटेंट अमित श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि नगर परिषद द्वारा सभी वर्ग एवं स्थानीय कलाकारों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम रखे गए हैं, साथ ही बाहर के कलाकरों को भी मौका दिया है जो काबिल ए तारीफ है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम अयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोगों को यातायात नियमों की पालना करना चाहिए, गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि टीओ सतीश बैंसला ने कहा कि परिषद ने जो कार्यक्रम रखे हैं वह सभी लोगों को देखते हुए रखे हैं। आज के समय में कॉमेडियन कार्यक्रम की डिमांड है क्योंकि भाग्मभाग की दुनिया में लोगों को यह कार्यक्रम राहत पहुंचाते हैं। अध्यक्षता कर रहे एकाउंटेंट अमित श्रीवास्तव ने भी विचार रखे। इससे पूर्व अथितियों का नगर परिषद सभापति के कर्मचारियों ने स्वागत किया तथा अथितियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं कॉमेडियन अशोक मिश्रा ने चुटकुले सुना कर लोगों को हंसने पर मजबूर किया। अशोक मिश्रा ने अपने अंदाज में कहा कि... आजकल कुत्ता पालना एक स्टेटस बन गया है लेकिन बड़े लोगों के कुत्ते भी उनकी तरह ढल जाते हैं इस पर उन्होंने कलाकारों के कुत्तों की आवाज निकाली। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मी गीत अपने अंदाज में सुनाए जिस पर लोग ठहाके लगाने पर मजबूर हो गए। इस बीच गुत्थी ने अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद राज सोनी और रोमियो ने हेलीकॉप्टर और ट्रेन की आवाज निकालकर हंसने पर मजबूर कर दिया। राज सोनी और रोमियो ने एक से बढ़कर एक चुटकले सुनाए जिस पर लोगों ने ठहाके लगाए। इसके बाद अशोक मिश्रा ने फिल्मी कलाकारों के गाने की प्रस्तुतियां दी जिसे सुनकर दर्शकों ने उनका तालियां बजाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन दिया अग्रवाल ने किया।

# दीपपुरा पंचायत में मृत गायों के शव की हो रही है दुर्दशा

### मृत गाय के शरीर को नोच नोच कर खा रहे हैं कुत्तेः आखिर जिम्मेदार कौन है

### चार दिन से सड़क पर पड़ा गाय का शवः दुर्गंध से लोगों को परेशानी, आवारा कुत्तों का जमावड़ा; प्रशासन बेखबर



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी** शहर के समीप स्थित ग्राम पंचायत दीपपुरा में मुख्य सड़क पर चार दिनों से एक मृत गाय का शव पड़ा हुआ है मृत गाय के शव से निकल रही दुर्गंध से क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है शव के आसपास आवारा कुत्तों का जमावड़ा लग गया है ये कुत्ते न केवल शव को नोच रहे हैं बल्कि राहगीरों के लिए खतरा भी बन गए हैं यहां स्टैंड पर स्कूल जाने वाले बच्चे भी आते हैं जिसको लेकर अभिभावको को बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर सता रहा है क्योंकि मृत गाय के शव को नोचने वाले यह आवारा कुत्ते बच्चों पर भी हमला कर रहे हैं गांव की स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन की है प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान के निरंतर प्रयासों के बावजूद चार दिनों से पड़े इस शव को हटाने की कोई पहल नहीं की गई है यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है दीपपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व वार्ड पंच परसाराम बुगालिय का कहना है कि गोपालपुर स्टैंड पर कुचामन चितावा मुख्य सड़क पर चार दिन पहले देर रात तेज रफ्तार वाहन ने गाय को टक्कर मार दी इस हादसे में वहीं पर गाय की मौत हो गई गाय पड़ी देखकर उन्होंने ग्राम सचिव को फोन किया लेकिन आज तक उस गाय के शव को दफनाया नहीं गया है दीपपुरा पंचायत में मृत गायों के शव की दुर्दशा हो रही है मृत गाय के शरीर को इस तर है आवारा कुत्ते नोच-नोच कर खा रहे हैं इसका जिम्मेदार कौन है

# ग्राम पंचायत देव खेड़ा के निवासियों ने शासन सचिव के नाम जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर राजाखेड़ा,,/** ग्राम बाबरपुर पूर्व में ग्राम पंचायत देवखेड़ा का अभिन्न अंग था। पंचायत पुनर्गठन 2025 में न तो कोई सार्वजनिक प्रस्ताव जारी हुआ और न ही ग्रामीणों को सूचित किया गया, परंतु फाइनल लिस्ट/राजस्थान गजट अधिसूचना में इसे सीधे ग्राम पंचायत बाजना (नई पंचायत) में जोड़ दिया गया है। सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जानी चाहिए ग्रामीणों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए कम से कम 1 माह की अवधि दी जानी चाहिए सभी आपत्तियों की सुनवाई की जानी चाहिए तत्पश्चात ही फाइनल लिस्ट जारी की जानी चाहिए परंतु इस मामले में ये सभी चरण पूरी तरह अनुपस्थित हैं।
भौगोलिक असुविधाः ग्राम पंचायत बाजना का मुख्यालय बाबरपुर से 6 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है, जिससे ग्रामीणों को- प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक कठिनाई स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सुविधाओं तक पहुंचने में समस्या आती हैं पंचायत की बैठकों में भाग लेने में बाधा पेज नंबर 2 पारदर्शिता में कमीः यह निर्णय बिना किसी जनसुनवाई, परामर्श या पूर्व सूचना के लिया गया है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सुशासन के सिद्धांतों के विरुद्ध है। पंचायत राज अधिनियम, 1994 राजस्थान पंचायती राज संस्थाएं चुनाव नियम, 1994 पंचायत पुनर्गठन आदेश 2025 तुरंत जांचः जिला कलेक्टर धौलपुर के माध्यम से इस प्रकरण की तत्काल जांच की जाए और कार्यवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बदलाव का निरस्तीकरणः ग्राम बाबरपुर को पूर्ववर्ती पंचायत देवखेड़ा में यथावत रखा जाए अथवा उचित प्रक्रिया का पालन कर पुनः निर्णय लिया जाए। पारदर्शी प्रक्रियाः यदि भविष्य में कोई परिवर्तन आवश्यक हो, तो पूर्ण प्रशासनिक मानकों का पालन करते हुए सार्वजनिक सूचना, आपत्तियां, और सुनवाई की व्यवस्था की जाए। तिथि निर्धारणः इस प्रकरण का समाधान 15 दिनों के अंदर कर सूचित किया जाए। अशोध्य अनियमितता और पारदर्शिता के अभाव में, यदि उपरोक्त कार्रवाई नहीं की गई, तो चुनाव यह प्रकरण राजस्थान उच्च न्यायालय में पीठिका याचिका या अन्य या अन्य कानूनी माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। एंव सम्पूर्ण ग्राम बाबरपुर की जनता मतदान नहीं करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी समस्त ग्राम पंचायत वासी देव खेड़ा

# न्यायालय में शीतकालीन अवकाश की अवधि के दौरान अधिकारी किए अधिकृत



**धौलपुर** राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक अधीनस्थ न्यायालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया हैं जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि शीतकालीन अवकाश अवधि के दौरान न्याय क्षेत्र, सेशन खण्ड के लिए जमानत एवं निरोध अवधि की अवधि अभिवृद्धि (रिमाण्ड) संबंधी तथा अन्य आवश्यक सिविल मामलों को निपटाने, आवश्यक एवं दैनिक कार्य किए जाने के लिए अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर को सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सैपऊ सुश्री रेणु कुमारी गोयल तथा 29-31 दिसम्बर के लिए सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा आकाश शर्मा को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि धौलपुर न्यायक्षेत्र में जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों तथ विशिष्ट न्यायाधीशों के न्यायालयों में पेश होने वाले आवश्यक आवेदन पत्र, समस्त आवश्यक कार्य, रिमाण्ड आदि से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई एवं आवश्यक सिविल कार्य के निस्तारण के लिए 26 दिसम्बर को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर ज्योति सिंह मीणा, 29 दिसम्बर को अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-2 बाड़ी चित्राक्षी सिंह तथा 30 व 31 दिसम्बर को अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1 बाड़ी सिद्धार्थ शंकर शर्मा को अधिकृत किया गया है। वह अपनी निर्धारित तिथि अनुसार सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर के न्यायालय में बैठकर कार्य करेगें। उन्होंने बताया कि शीतकालीन अवधि में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर का कार्यालय खुला रहेगा तथा न्यायालय के कर्मचारी, अधिकृत पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में कार्य सम्पादन करेगें।

# रतननगर में संजू खोड ने संभाला ईओ का कार्यभार

जयपुर टाइम्स

**रतननगर(निसं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से हाल ही मे चयनित संजू खोड ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका रतननगर में अधिशाषी अधिकारी के पद पर अपना कार्यभार सोमवार को ग्रहण किया है। संजू के यहां कार्यभार ग्रहण करने से गत कई महिनों से नगरपालिका में रिक्त चल रहे अधिशाषी अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से आमजन से जुड़े कार्यो को गति मिलेगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद संजू ने बताया कि उनका पूरा फोकस आमजन से जुड़ी समस्याओं के समयबद्ध तरीके से निष्पादन करने एवं सफाई, रोशनी आदि की माकुल व्यवस्था करना ही प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर ने उन्हें माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनको कार्यभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी संजू खोड के बड़ी संख्या में परिवारजन एवं नगरपालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।




# ऑर्गेनिक सब्जियों के प्रति फैलाई जागरूकता



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी द्वारा अपने गांव की ऑर्गेनिक सब्जी को प्रमोट करने के लिए पंचायत समिति सुजानगढ़ में स्टॉल लगा कर प्रत्येक व्यक्ति को मूली वितरण किया गया। विकास अधिकारी रवि कुमार ने कहा कि बिना केमिकल की शुद्ध सब्जियां स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभदायक है। कोलासर के सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह पार्वतीसर ने कहा कि कैंसर से बचने के लिए शुद्ध सब्जी अति आवश्यक है। इस अवसर पर एएओ मुकेश, कनिष्ठ अभियंता संदीप, विनोद, नंदलाल, एएओ श्रेणीदान, रतनलाल, प्रहलाद, घनश्याम भाटी, संपत सेन, कमलकांत बेदी, रामचंद्र नायक, रामचंद्र मेघवाल, अमित, मंजू शर्मा, प्रमोद, मनफूल, भंवरलाल सिहाग, बजरंग आदि मौजूद रहे। कनिष्क सहायक ज्योति कच्छावा ने लोगो को शुद्ध सब्जियों के प्रयोग के प्रति जागरूक किया। ग्राम विकास अधिकारी भंवर सिंह ने ऑर्गेनिक सब्जी के फायदे बताए। विक्रम, तिलोकाराम, प्रियंका, मंजू, कृष्णा आदि ने व्यवस्थाओं को बनाने में सहयोग किया।

# नानूदास महाराज की निकाली बैकुण्ठी यात्रा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती सिद्धपीठ श्री डूंगर बालाजी धाम के पुजारी नानूदास महाराज का देवलोक गमन हो गया। साईलेंट अटैक आने के कारण उनका देवलोक गमन हो गया। गांव गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने बताया कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बाजार के व्यापारियों, डूंगर बालाजी धाम के श्रद्धालुओं ने बैकुंठी यात्रा में भाग लिया और नानूदास महाराज को अपनी अंतिम विदाई दी। बैकुण्ठी यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से गुजरी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की श्रद्धा भाव व्यक्त करते हुए प्रणाम किया। तालाब के पास स्थित श्मसान में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# 25 दिसंबर को जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, तैयारियों में जुटे समाज के पदाधिकारी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के जाट विकास संस्थान में अध्यक्ष दौलतराम सारण की अध्यक्षता में 25 दिसंबर को होने वाले जाट प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। संस्थान महामंत्री महावीर प्रसाद सहू ने बताया की आगामी 25 दिसंबर को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में पंचायत समिति व नगर परिषद् सरदारशहर परिक्षेत्र के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है।योग्यता कक्षा 10 व 12 में 85' या इससे अधिक अंक प्राप्त, स्त्रातक व स्त्रातकोतर में सभी संकायों में 70' या इससे अधिक अंक प्राप्त, NEET, IIT, NET, SLET, ICAR, Ph.D, राजकीय सेवाओ में चयन वर्ष अक्टूबर 2024 से 10 दिसंबर तक, खेल प्रतिभागियो में राज्य स्तर पर मेरिट प्रमाण पत्र या इससे अधिक, प्रो कब्बडी खिलाड़ी, नवोदय विद्यालय में चयन विधार्थी को शामिल किया गया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर सायं 5 बजे तक रखी गई हैं। बैठक में आसुराम जाखड़, रामलाल मूण्ड, संजय भाटिया, विशाल जाखड़, जयप्रकाश सारण, महावीर प्रसाद जाखड़, श्रवण कुमार सहू, भागीरथ सारण, शंकरलाल कड़वासरा, राजकुमार भांभू, संत कुमार बाना, राजाराम रणवा, जगदीश सारण, ओमप्रकाश जाखड़, भंवरलाल सारण, आदूराम भाकर, लिक्ष्मणराम देया सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।



# आधुनिक तकनीक के साथ समन्वय स्थापित कर परंपरागत कृषि व्यवस्थाओं को मजबूत करें : नेहरा

**प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की बेहतरीन क्रियान्विति के लिए जनप्रतिनिधियों, किसानों, हितधारकों से लिए सुझाव, केंद्रीय नोडल अधिकारी विजय नेहरा, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, तारानगर प्रधान संजय कस्वां सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व किसान रहे मौजूद**



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी एवं बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से सोमवार को जिला परिषद सभागार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संयुक्त सचिव तथा केंद्रीय नोडल अधिकारी विजय नेहरा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा किसानों से संवाद किया तथा सुझाव लिए। बैठक में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, तारानगर प्रधान संजय कस्वां सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर संबोधित करते हुए केंद्रीय नोडल अधिकारी विजय नेहरा ने कहा कि परंपरागत कृषि व्यवस्थाओं को मजबूत करें और आधुनिक तकनीक के साथ परंपरागत व्यवस्थाओं को कंसोलिडेटेड करते हुए काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। योजना अंतर्गत किसानों को कृषि के आधुनिक साधनों एवं उन्नत तकनीक से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि चूरू जिले के भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमें आधुनिक तकनीक के साथ समन्वय स्थापित कर परंपरागत कृषि व्यवस्थाओं को मजबूत करना है। नेहरा ने कहा कि स्थानीय फसल उत्पादन की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग को सशक्त बनाना समय की जरूरत है। उन्होंने किसानों को उन्नत किस्मों के बीज अपनाने, स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं ब्रांडिंग बढ़ाने तथा जिले में ही मार्केटिंग की मजबूत श्रृंखला विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एवं जनप्रतिनिधि योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ें और कार्ययोजना निर्धारित कर कार्य करें ताकि जिले के अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि चूरू की मिट्टी में अपार ताकत और संभावनाएं हैं। किसान अगर आधुनिक तकनीक अपनाएं और अपने उत्पादों को वैल्यू एडिशन के साथ प्रस्तुत करें तो जिले की अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि योजना की बेहतरीन क्रियान्विति के लिए जिला स्तर पर बने प्लान में जिले के किसानों की आवश्यकताओं, प्रगतिशील किसानों के उत्पादन के लिए मार्केटिंग उपलब्ध करवाने, बागवानी को बढ़ावा देने, फसलों की अच्छी उपज तथा योजना के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किसानों से निरंतर संवाद करने और बेहतरीन प्रोजेक्ट पर काम किया जाए। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि सरकार की यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। हमें गांव-स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ना चाहिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, किसानों की आवश्यकताओं और हितधारकों के सुझावों पर निरंतर काम करते हुए जिला प्रशासन योजना की बेहतरीन क्रियान्विति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के सुझाव लिए और योजना के क्रियान्वयन को अधिक सशक्त बनाने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल ने कहा कि कृषि से जुड़े सभी कार्यक्रमों के बारे में किसानों को समुचित जागरूक करने, मिट्टी परीक्षण, उन्नत बीज वितरण, तकनीकी प्रशिक्षण, ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा देने की बात कही। तारानगर प्रधान संजय कस्वां ने कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करें तथा मोटिवेट करें। यदि किसानों को उचित बाजार और प्रोसेसिंग सुविधाएं मिलेंगी तो उपज की गुणवत्ता और आय दोनों में निश्चित तौर पर बढ़ोतरी होगी। सीईओ श्वेता कोचर ने बैठक का संचालन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के प्रगति?शील किसानों व हितधारकों ने भी चुनौतियों, समस्याओं से अवगत करवाया तथा योजना की बेहतरीन क्रियान्विति के लिए सुझाव साझा किए, जिनमें सिंचाई संसाधनों का विस्तार, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता, पशुपालन को बढ़ावा, स्थानीय फसल आधारित प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना, उद्यानि?की को प्रो?त्साहित करना, एफपीओ मिलकर प्रसंस्करण को बढ़ावा देने, झींगा व सुअर पालन के लिए भौगोलिक व विपणन समस्याएं, पंचायत समिति स्तर पर क्रिया?न्वयन कमेट गठित करने, एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने, किसानों को फील्ड में ले जाकर समझाने व प्रोत्साहित करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों पर सकारात्मक प्रयासों से क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

# समर्थन मूल्य पर मूंग-मूंगफली खरीद केंद्र शुरू, सावर जेबी मंडी में खरीद केंद्र खुला, सरदारशहर में 2 दिन खुलेगा खरीद केंद्र

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर मूंग और मूंगफली की खरीद प्रक्रिया सावर जेबी कृषि उपज मंडी में शुरू हो गई है। हालांकि सरदारशहर कृषि उपज मंडी में यह प्रक्रिया दो दिन बाद 26 नवंबर बुधवार को शुरू होगी। प्रत्येक किसान से अधिकतम 40 क्विंटल मूंग और मूंगफली की खरीद की जाएगी। जेबी कृषि उपज मंडी सावर का शुभारंभ क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष लालचंद छीरंग, भाजपा नेता जयदेवसिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य श्यामलाल शर्मा, हेतराज भाकर, मनीराम सिहाग और खरीद केंद्र प्रभारी अमरसिंह राजपुरोहित ने फीता काटकर किया। इस दौरान 10-10 किसानों की मूंग और मूंगफली की तुलाई की गई। सरदारशहर के मुख्य व्यवस्थापक आकिब खान ने बताया कि सरदारशहर कृषि उपज मंडी में पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। इसलिए सरदारशहर के किसानों को दो दिनों का इंतजार करना होगा। सहकारी समितियों के उप रजिस्ट्रार सुनील मांडिया ने जानकारी दी कि इस वर्ष मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपए प्रति क्विंटल और मूंगफली का समर्थन मूल्य 7263 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 40,000 किसानों ने मूंग और मूंगफली की उपज की तुलाई के लिए पंजीकरण करवाया था। जिला कलेक्टर स्तर पर हुई जांच में 9,000 पंजीकरण फर्जी पाए गए। जिन्हें निरस्त कर दिया गया है। अब शेष बचे किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी।सरदारशहर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अंतर्गत सरदारशहर, भानीपुरा क्षेत्र से 1530 किसानों ने मूंग और 9560 किसानों ने मूंगफली के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। राजस्थान में सरकारी खरीद शुरू होने से मूंग और मूंगफली के बाजार भावों में भी कुछ तेजी आने की संभावना है।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गायों को खिलाया गुड़

**चूरू.** निवर्तमान सभापति पायल सैनी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस की ओर से हनुमानगढ़ी गौशाला में गायों को गुड़ खिला कर मनाया। जिसमें पायल सैनी के उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव हेमंत सैनी ने बताया कि सभापति पायल सैनी गायों की सेवा व् जरूरतमंद लोगो की मदद के लिए सदैव प्रयासरत रहती है। इस मौक़े पर यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमावत, अनीश ख़ान , विमल शर्मा , प्रेम कुमार, प्रभु सैनी ,विकाश बड़गुर्जर, गणेश बागड़ी, कमल गढ़वाल, जाफ़र ख़ान व अजय सैनी आदि मौजूद रहे।



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा. / 2025-26 / दिनांकः-

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका अंकित आवेदको ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धार 69 - क / कृषि भूमि के तहत् आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्वप पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत् स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलियां प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

| क्र. सं. | नाम आवेदनकर्ता | आसापासा | पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री अशोक कुमार नाई पुत्र झुमरमल नाई | उतर- रास्ता दक्षिण - बजरंगलाल नाई पूर्व- रास्ता पश्चिम - विनोद कुमार नाई | वार्ड नं. 06 खाखी धोरा स्कूल के पास राजलदेसर | 1274 | 380.53 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक :-2065-2074 दिनांक- 19.11.2025

**निविदा सूचना संख्या : 19 / 2025-26 खण्ड सरदारशहर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला - चूरू खण्ड सरदारशहर में आयुर्वेद औषद्यालय खेजड़ा की मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑफ-लाईन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A4391 के UBN No. निम्न प्रकार है

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB17249 |

**(राजेन्द्र कुमार सैनी)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/17234/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:- 1863-1876 Date: 17-11-2025

**Notice Inviting Bid No 17/2025-26**

Bids for 3 (Three Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 28.11.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 30.31 Lacs
NIB No. PWD 2526A 4348
UBN NO :-
1. PWD2526WSOB17031
2. PWD2526WSOB17032
3. PWD2526WSOB17033

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Sujangarh**

DIPR/C/17091/2025

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.:- EE/NIT/2025-26/ 2049 Date: 13-11-25

**Notice Inviting Bid**

Bid of Regular maintenance of various size of valve of distribution/rising mains at RWSS Deepsar, Removing of leakage and chocking in various type/ size pipe line, Removal of illegal connection & shifting of connection under Division Ratangarh are invited from interested bidders up to 01.12.2025, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 23 PHE2526WSRC08565
UBN NIT No.: 23 PHE2526WSRC08566
UBN NIT No.: 23 PHE2526WSRC08567

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer**
**PHED Division Ratangarh**

DIPR/C/17031/2025

# ग्राम पंचायतों में 41 करोड़ों के 600 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण

**भाजपा की डबल इंजन सरकार में हो रहें है पानी, बिजली और मूलभूत आवश्यकताओं के काम- राजपुरोहित**

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र के विधानसभा सभा की ग्राम पंचायतों में पंचायत समिति और जिला परिषद के द्वारा किये गए विभिन्न विकास कार्यों लोकार्पण किया गया। विकास कार्यों के लोकार्पण में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, जिला प्रमुख वंदना आर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित सहित भाजपा के नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहें। लोकार्पण के दूसरे चरण के तहत ग्राम पंचायत राजासर बीकान, खुंडिया, अड़सीसर, घड़सीसर, करणसर, रंगाईसर, सोनपालसर में सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। पंचायत समिति सरदारशहर की प्रधान निर्मला राजपुरोहित ने अपने कोटे से 41 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्र में करवाए है। जिनमें मुख्यतः चारदिवारी निर्माण, खरंजा, टिन शेड, कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय भवन, ट्यूबवेल सहित जनहित के कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, जिला प्रमुख वंदना आर्य एवं प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने शामिल होकर ग्रामीणों को करोड़ो के विकास कार्यों की नई सौगातें समर्पित की। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, सरपंच राजेन्द्र सिंह छाजुसर, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वर डूडी, हिरालाल बैनीवाल, श्योकरण पोटलिया, मंडल महामंत्री पवन पारीक, भाजयुमो नगर महामंत्री गुरू धानका सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कुशल नेतृत्व में पानी, बिजली और मूलभूत आवश्यकताओं के काम प्राथमिकता से हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी आभार व्यक्त किया। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने बताया की जिला परिषद और पंचायत समिति का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। विकास कार्यों में कोई कसर रह भी गई है तो उसे चिन्हित कर प्राथमिकता से पूरा करवाने के लिए प्रयास करेंगे। प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की 5 साल के कार्यकाल में हमने विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी हैं। भरपूर विकास ग्रामीण क्षेत्र में इस कार्यकाल के अंदर हुए है। लगभग 41 करोड़ की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का चरणबद्ध लोकार्पण जारी है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास में कोई कमी नहीं रखेगी। इस दौरान भादासर मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रसिंह शेखावत, सरपंच पूर्णाराम, पूर्व सरपंच पुरखाराम सहित ग्रामीणों और बुजुर्गों ने माला व साफा पहनाकर जगह-जगह जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

# एनसीसी व एनएसएस इकाई द्वारा किया गया श्रमदान, स्वच्छता, जल संरक्षण व पर्यावरण संवर्धन का दिया संदेश




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में पुलासर जोहड़ पायदान पर व्यापक श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता, जल संरक्षण व पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई प्रथम अधिकारी जगदीश कुमार, एनएसएस इकाई द्वितीय अधिकारी राज कुमार कुमार सोनी, एनएसएस ट्रेनर नरेश कुमार, संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं का श्रमदान समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक कदम है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल समाज में जागरूकता लाते हैं बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। कॉलेज निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों के सक्रिय सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि ठान ले तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। श्रमदान जैसे कार्य चरित्र निर्माण का आधार बनते हैं और भविष्य के नागरिकों को सजग व संवेदनशील बनाते हैं। अंत में सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इसी उत्साह के साथ आगे भी सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## जाखल आवास पर जनप्रतिनिधि व आमजन पहुंचे विधायक विक्रम सिंह जाखल का आभार प्रकट करने

### गोठड़ा को नई पंचायत समिति बनाने पर विधायक जाखल किया आभार



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** जाखल ग्राम में विधायक जाखल के आवास पहुंच कर जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासियों ने आभार प्रकट किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा पूर्व में किए वादे को पूरा किया। लगातार नवलगढ़ के विकास को लेकर में हमेशा हाजिर रहूंगा । राजस्थान प्रदेश सरकार का आभार कि उन्होंने नवलगढ़ को जब भी किसी कार्य की आवश्यकता हुई है वें हमेशा नवलगढ़ की जनता के लिए हमारे साथ खड़े रहे और सभी कार्य को गति देने का कार्य करतें हैं। सरपंच अर्जुन बाल्मीकि ने कहा गोठड़ा के विकास कार्य में सदैव विधायक विक्रम सिंह जाखल तत्पर रहते हैं पूरे ग्रामवासियों की और से विधायक जाखल का आभार। इसमें दीपसिंह शेखावत, अर्जुनसिंह शेखावत ,भीमसिंह शेखावत ,हरिसिंह ढेनवाल, रामप्रसाद माहिच,प्रदीप ओला , योगेश ओला ,सुरेंद्र सिंह शेखावत ,टंवर सिंह शेखावत ,विकास यादव,दीपचंद बोयल ,दशरथ बोयल ,कुलदीप सिंह शेखावत ,रवि वाल्मीकि ,महेश ओला,अंकित ओला,सुल्तान माहिच आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने वाहन चालकों को समझाए यातायात के नियम



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** डीआरडी राउमावि, मण्डावा प्रिंसिपल पवन कुमार द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने हेतु किया गया नवाचार डीआरडी राउमावि, मण्डावा के छात्रों और वाहिदपुरा के स्काउट ने आज तेतरा पुलिया के पास गलत दिशा में जा रहे वाहन चालकों को सही दिशा में पुलिया के नीचे से जाने के नियम बताये। प्रिंसिपल पवन कुमार द्वारा किये जा रहे नवाचार के तहत पुलिया से उतरते और चढ़ते समय हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए छात्रों द्वारा स्लोगन तख्ती लेकर प्रयास किया गया। स्काउट सचिव जयचंद भड़िया, विद्यालय के संजय कुमार महला अध्यापक, हरलाल मोगा और विद्यालय की नव गठित बाल संसद के प्रधानमंत्री भवानी यादव का पूरा सहयोग रह। इस अवसर पर मुलायम सिंह,थाना प्रभारी ने छात्रों को मोटीवेट किया और वाहन चालकों को सही निर्देश दिए।

## नशा मुक्ति को रोकने के लिए कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** हेतमसर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को युवा पीढ़ी में मादक पदार्थो के बढ़ते दुष्प्रभावों को रोकने तथा नशा मुक्त भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में समस्त स्टाफ सदस्यों व उपस्थित छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलवायी गई । इस अवसर पर समस्त बालिकाओं एवं स्टाफ सदस्य द्वारा वन्दे मातरम 150 राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने छात्राओं को मादक पदार्थो के सेवन से बचने तथा उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य सुभाषचन्द्र ने मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अविनाश कुमार मील, रविकान्त मीणा, योगेन्द्र कुमार , प्रियंका, अशोक कुमार सैनी, प्रियंका कुलहरि, सुनीता कुमारी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

## भामाशाह सिंघानिया का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** संतों की पावन भूमि नरोदडा स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्मित कमरे एवं प्याऊ भामाशाह अभिषेक सिंघानिया विद्यालय पधारने पर प्राचार्य मातादीन शर्मा के नेतृत्व अभिनंदन किया गया।शिलांग के जाने-माने समाजसेवी स्व. रतनलाल मोहिनी देवी एवं मोहिनी देवी सिंघानिया की स्मृति में कमरा बनाने के बाद पहली बार विद्यालय पधारे अभिषेक, अमित एवं क्षितज सिंघानिया का माल्यार्पण, साफा, प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भामाशाह ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए वे हर संभव सहयोग देंगे। इस अवसर पर प्रेरक प्रदीप दाधीच, रामकुमार थानेदार, रामेश्वर ख्यालिया, शंकर जांगिड़, व्याख्याता कविता कुमारी, प्रवीण खान, संजय जोशी, विकास मिश्रा, सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।



# झुंझुनूं में तीन नई पंचायत समितियों का गठन: टोडी गुढ़ा, गोठड़ा और बबाई को नई पंचायत समिति मिली

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में राज्य सरकार ने तीन नई पंचायत समितियों के गठन को मंजूरी दे दी है। उपयुक्त एवं उप शासन सचिव द्वारा जारी आदेश के बाद अब जिले में पंचायत समितियों की संख्या 11 से बढ़कर 14 हो गई है। नई गठित पंचायत समितियों में टोडी गुढ़ा, गोठड़ा और बबाई के नाम शामिल हैं, जिन्हें आसपास के गांवों को जोड़कर नया आकार दिया गया है। ये निर्णय लंबे समय से स्थानीय स्तर पर उठ रही मांगों और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। सबसे बड़ा बदलाव उदयपुरवाटी पंचायत समिति में देखने को मिला है। पहले इस पंचायत समिति के तहत 56 गांव आते थे। प्रशासनिक पुनर्संरचना के बाद अब मात्र 24 गांव ही उदयपुरवाटी के अधीन रह गए हैं। शेष गांवों को नई गठित पंचायत समिति टोडी गुढ़ा में शामिल किया गया है।




नवगठित पंचायत समिति टोडी गुढ़ा में कुल 33 गांव शामिल किए गए हैं। इसमें अधिकांश गांव पूर्व उदयपुरवाटी क्षेत्र से लिए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि नया प्रशासनिक सेटअप गांवों तक विकास योजनाओं की तेज पहुंच सुनिश्चित करेगा। साथ ही ग्रामीणों को अब पंचायत समिति मुख्यालय तक पहुंचने में कम दूरी तय करनी होगी। सूरजगढ़ पंचायत समिति में भी गांवों की संख्या में बदलाव किया गया है। पहले सूरजगढ़ में 31 गांव आते थे, जिन्हें अब घटाकर 27 कर दिया गया है। प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत चार गांवों को दूसरी पंचायत समितियों में शामिल किया गया है। हालांकि सूरजगढ़ में यह बदलाव अपेक्षाकृत कम है, लेकिन इसका असर स्थानीय विकास कार्यों और संसाधन वितरण पर पड़ेगा। सिंघाना पंचायत समिति का आकार भी छोटा किया गया है। पहले यहां 25 गांव आते थे, जबकि अब केवल 22 गांव को ही शामिल रखा गया है। पिलानी पंचायत समिति में एक गांव कम कर क्षेत्र को 27 से घटाकर 26 गांव किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह मामूली बदलाव भूगोलिक अनुरूपता और जनसंख्या संतुलन के आधार पर किया गया है। नवलगढ़ पंचायत समिति में सबसे बड़े भूगोलिक परिवर्तन देखे गए। पहले 51 गांव वाले इस क्षेत्र को अब घटाकर 26 गांव कर दिया गया है। नवलगढ़ क्षेत्र के गोठड़ा गांव को पंचायत समिति का दर्जा देते हुए यहां 25 गांव जोड़े गए हैं। यह कदम नवलगढ़ पंचायत समिति के अत्यधिक विस्तृत दायरे को कम करने और गोठड़ा क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। खेतड़ी पंचायत समिति भी हमेशा से जिले की सबसे बड़ी पंचायत समितियों में रही है। पहले यहां 56 गांव आते थे, जिन्हें अब घटाकर 30 रखा गया है। खेतड़ी से ही बबाई गांव को नई पंचायत समिति का दर्जा दिया गया है, जिसमें 25 गांव जोड़े गए हैं। चिड़ावा पंचायत समिति में किसी भी गांव को न तो जोड़ा गया है, न ही हटाया गया है। पहले जैसे 30 गांव थे, वैसा ही ढांचा बरकरार रखा गया है। बुहाना पंचायत समिति में पहले 31 गांव शामिल थे, जिन्हें अब घटाकर 30 कर दिया गया है। यह बदलाव क्षेत्रीय सीमांकन के अनुरूप किया गया है। इन तीन नई पंचायत समितियों–टोडी गुढ़ा, गोठड़ा और बबाई–के गठन के बाद झुंझुनूं जिले में पंचायत समितियों की संख्या 11 से बढ़कर 14 हो गई है।

### उपभोक्ता की आवाज़ जागरूकता का आगाज़ हुआ

## भलिया देवी पीजी कॉलेज में छात्राओं ने ली उपभोक्ता अधिकारों की शपथ

जयपुर टाइम्स

**बुहाना(निसं.)** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित उपभोक्ता अधिकार न्यायोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भलिया देवी पीजी कॉलेज में बड़ी संख्या में छात्राओं एवं आमजन ने उपभोक्ता अधिकारों की शपथ ली। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. रामसिंह डूडी ने छात्राओं को शपथ दिलाते हुए उन्हें उपभोक्ता के मौलिक अधिकारों और दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. डूडी ने कहा कि किसी भी वस्तु या सेवा को खरीदते समय मूल्य, गुणवत्ता, मात्रा, मानक चिन्ह और समाप्ति तिथि की जांच करना हर उपभोक्ता का अधिकार है। उन्होंने बिल लेने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि यह उपभोक्ता का न केवल अधिकार है, बल्कि शुद्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में उपभोक्ता जागरूकता का संदेश फैलाएं। इस अवसर पर लिए गए शपथ पत्र में विद्यार्थियों ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का सम्मान करने, किसी भी भ्रामक विज्ञापन से सतर्क रहने, खरीदारी में पारदर्शिता अपनाने, उचित मंच पर शिकायत करने और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को प्राथमिकता देने का वचन लिया। कार्यक्रम में प्रवक्ता सुनीता यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. ओमप्रकाश पायल, डॉ. अमित कुमार बिरबान, डॉ. सरिता कुमावत, इरफान खान, अनुज कुमार, कमलकांत रांगेय, मंजू कुमारी, शंकरलाल वर्मा, अमित प्रजापत एवं बबीता राईका सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय कार्यक्रम युवा पीढ़ी में उपभोक्ता जागरूकता और अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



### झुंझुनूं में 1 लाख उपभोक्ताओं को दिलवाएंगे शपथः

## अधिकारों के प्रति जागरूकता का महाअभियान, कंज्यूमर वॉयस न्यायोत्सव की शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** एक लाख उपभोक्ताओं को दिलवाएंगे ऑनलाइन शपथ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय Consumers Voice न्यायोत्सव' के तहत उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत सुबह 11 बजे होगी।इस महाअभियान का उद्देश्य आमजन को उनके उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें अनुचित व्यापार व्यवहार या सेवादोष की स्थिति में न्याय पाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर किया जाएगा। इस आयोजन में बार एसोसिएशन भी सक्रिय सहयोग प्रदान करेगा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने इस अवसर पर आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में ऑनलाइन उपभोक्ता जागरूकता शपथ अभियान भी लॉन्च किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान के माध्यम से 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। शपथ लेने के बाद उपभोक्ताओं को प्रमाण-पत्र भी ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर उपभोक्ता आसानी से शपथ ले सकते हैं और अपना प्रमाण पत्र ईमेल पर प्राप्त कर सकते हैं। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित जागरूकता को बढ़ावा देना है। हर खरीद पर बिल लेना अनिवार्य। खरीदी गई सामग्री के मानकों की जांच करना। सेवादोष या अनुचित व्यापार व्यवहार की स्थिति में आयोग से न्याय प्राप्त करना। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल उपभोक्ता सशक्त होंगे, बल्कि टैक्स चोरी पर रोक लगाने में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। विभिन्न विभागों, अधिवक्ताओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह 30 दिवसीय कार्यक्रम जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों, अधिवक्तागणों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से संचालित होगा। कार्यक्रम अवधि के दौरान उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए रंगोली प्रतियोगिता, संगोष्ठी (सेमिनार) और सम्मान समारोह जैसे विभिन्न आयोजन भी किए जाएंगे।




## *लेबर कोड का विरोध:मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन*

### कानून की प्रतियां जलाईं, तीन प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में सोमवार को राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन से जुड़े सदस्यों ने नए लेबर कोड्स के जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विरोध कार्यक्रम में यूनियन सदस्यों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड्स की प्रतियां जलाकर अपना रोष जताया और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूनियन ने आरोप लगाया कि 21 नवंबर 2025 से लागू हुए लेबर कोड्स ने देशभर के लाखों सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज को असुरक्षित स्थिति में धकेल दिया है। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज के हितों की सुरक्षा की मांग की। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि सरकार ने जिस तरह सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज (कंडीशन्स ऑफ़ सर्विस) एक्ट, 1976 को खत्म कर ॥ कोड में मिला दिया है, वह पूरी तरह गैर-संवैधानिक और मजदूर-विरोधी कदम है। मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कानून की प्रतियां जलाईं, उनका कहना था कि यह विशेष कानून सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज के कार्यस्थल, सुरक्षा, सर्विस कंडीशन्स और अधिकारों की रक्षा के लिए अलग से बनाया गया था, जिसमें उन्हें दशकों की लड़ाई के बाद कई महत्वपूर्ण अधिकार मिले थे। लेकिन नए लेबर कोड्स ने इन अधिकारों को खत्म कर सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज फिर से कंपनियों की मनमानी के हवाले कर दिया है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज एक्ट 1976 संसद के दोनों सदनों में बहस और पीटीशन कमेटी की विस्तृत जांच व सिफारिशों के आधार पर पास हुआ था। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ यह 6 मार्च 1976 को लागू किया गया था और बाद में इसकी कवरेज 10 अन्य इंडस्ट्रीज़ तक बढ़ाई गई। अगस्त 2017 में इंडस्ट्रियल त्रिपक्षीय कमेटी की बैठक में भी एक्ट के सेक्शन 12 के तहत कानूनी कार्य नियम बनाने की सिफारिश की गई थी। लेकिन अब सरकार ने बिना परामर्श और बिना उचित आधार के इस कानून को पूरी तरह खत्म कर सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज के हितों पर चोट पहुंचाई है। प्रदर्शन के दौरान यूनियन से जुड़े वक्ताओं ने कहा कि सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज देश की हेल्थ और मेडिकल इंडस्ट्री में एक अहम भूमिका निभाते हैं। लगातार मार्केट में दौड़-भाग, कंपनियों के टारगेट का दबाव, क्षेत्रवार यात्राएं और प्रतिस्पर्धा से भरा कार्य माहौल–इन सबके बीच सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइजएक्ट उन्हें न्यूनतम सुरक्षा और अधिकार प्रदान करता था।



### दही बड़ा, गोभी की सब्जी खाने से 75 लोग बीमार

## शादी में फूड पॉइजनिंग से बिगड़े हालात, 10 को कराना पड़ा भर्ती

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में एक शादी समारोह में फूड पॉइजनिंग से 75 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 10 लोगों को गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अन्य को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। शादी में दही बड़ा, गोभी की सब्जी खाने के बाद इन सभी की हालत बिगड़ी। तेज पेट दर्द, उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत हुई तो लोग अस्पतालों में पहुंचे। जहां जांच में फूट पॉइजनिंग की पुष्टि हुई। यह मामला शहर के जमुना रिसोर्ट में आयोजित शादी समारोह का है। अस्पताल में अचानक बढ़े मरीज शादी के अगले दिन सुबह 6 बजे से शिव कॉलोनी, नागरपुरा, कालीपहाड़ी और उत्तरासर इलाके के लोग पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पतालों में पहुंचने लगे। शिव कॉलोनी के पास स्थित मेट्रो अस्पताल में अचानक मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। अस्पताल प्रबंधन ने स्थिति को देखते हुए तुरंत सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को सूचना दी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। फूड पॉयजनिंग की शिकायत के बाद मेट्रो हॉस्पिटल में 25 मरीज पहुंचे, जिनमें से 6 को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। टीम ने घर-घर जाकर की जांच सीएमएचओ ने तत्काल डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित कर शिव कॉलोनी भेजा। डॉ. विनेश झाझड़िया की अगुवाई में टीम ने घर-घर जाकर मरीजों की जांच की और उन्हें दवाइयां उपलब्ध करवाईं। कई घरों में एक से ज्यादा लोग बीमार थे, जिससे कॉलोनी में दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दही बड़ा और गोभी की सब्जी बनी वजह बीमार हुए लोगों ने बताया कि शादी में परोसा गया दही बड़ा और गोभी की सब्जी के स्वाद में कुछ अजीब था। कई मेहमानों ने रात को ही हल्की तबीयत खराब होने की बात कही, लेकिन सुबह होते-होते हालात बिगड़ गए। डॉक्टरों का कहना है कि इन दोनों खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया संक्रमण की आशंका अधिक है, जिसकी पुष्टि सैंपल रिपोर्ट से होगी। 40 लोगों का टीम ने घर पहुंचकर किया इलाज बीडीके अस्पताल में 15 मरीज पहुंचे, जिनमें से 4 की हालत ज्यादा गंभीर थी, इसलिए उन्हें भर्ती किया गया। वहीं मेट्रो अस्पताल में 25 मरीज पहुंचे, जिनमें से 6 को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।



## पीसीसी चीफ डोटासरा आए लक्ष्मणगढ़

### बीएलए बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को सभी बूथों के बीएलए की बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी चीफ एवं स्थानीय विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बीएलए को आवश्यक मार्गदर्शन देना रहा।निर्वाचन शाखा से बीएलओ सुभाष महला ने एसआईआर से संबंधित जानकारी साझा करते हुए सभी बूथों का विस्तृत आंकड़ा प्रस्तुत किया। बीएलए को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि एक बीएलए एक दिन में 50 फॉर्म भरकर जमा कर सकता है। उन्होंने सभी से रोजाना निर्धारित फॉर्म भरकर जमा करने तथा उसकी प्राप्ति रसीद अवश्य लेने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां सक्रियता बढ़ाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।पंचायत एवं नगर निकाय पुनर्गठन पर बोलते हुए डोटासरा ने आरोप लगाया कि अनुभवहीन मुख्यमंत्री के कारण हारे हुए लोगों को कमान सौंप दी गई, जिसके चलते पूरे प्रदेश में राजनीतिक दुर्भावना से परिसीमन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनता जहां पुनर्गठन चाहती है, वहां किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान परिसीमन को लेकर प्रदेशभर में व्यापक विरोध है।कार्यक्रम में लक्ष्मणगढ़ प्रधान मदन सेवदा, नगरपालिका चेयरमैन हाजी मुस्तफा कुरैशी, विधानसभा प्रभारी पी.एल. प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिहाग सहित मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राजस्थान पेंशन समाज की बैठक आयोजित

**लक्ष्मणगढ़।(निसं.)** पेंशन समाज की बैठक तहसील अध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम , न्यू पेंशन स्कीम एवं केन्द्र सरकार की ओर से हाल ही में घोषित नई पेंशन योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। तथा 8 वें वेतन आयोग की जारी की गई गाइड लाईन में पेंशन के बिन्दु पर कोई विचार नहीं करने के बारे में कर्मचारियों ने चर्चा परिचर्चा की एवं अपने हितों को सुरक्षित रखने लिए आंदोलन के लिए तैयार रहने पर भी विचार किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा का लक्ष्मणगढ़ पेंशन समाज के पदाधिकारी विनोद पारीक, ओमप्रकाश जांगिड़ ,भीवराज शर्मा, गोविन्दराम जांगिड़, नागरमल बालाना, रतनलाल दईंया, हरफूलसिंह कसवाली, गणेश भास्कर, रामेश्वरलाल मंडीवाल सहित अनेक सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया ।



## प्राइवेट फ़ाइनेंस कम्पनी का दलित परिवार पर अत्याचार

### 6 लाख का लोन, 7 लाख चुकाने के बाद भी 27 लाख बाकी बताकर घर पर कब्ज़ा

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा (निस.)** कस्बे के श्री राम नगर में प्राइवेट फ़ाइनेंस मेंटोर होम लोन जयपुर की मनमानी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक दलित परिवार ने 6 लाख का होम लोन लिया था और अब तक 7 लाख रुपये चुका भी दिए, लेकिन कम्पनी ने मनमाने तरीके से बकाया राशि 27 लाख रुपये बताकर अचानक घर पर धावा बोल दिया। परिवार के अनुसार कम्पनी कर्मियों ने ताला तोड़कर घर व घरेलू सामान–आटा, गैस, मोबाइल, नकदी,सब पर कब्ज़ा कर लिया। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों के साथ आए दल ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ बदसलूकी भी की। पीड़ित परिवार पिछले आठ दिन से ठंड में खुले आसमान तले भूखा-प्यासा रहने को मजबूर है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को अमानवीय व गैरकानूनी बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। सामाजिक संगठनों ने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का समर्थन जताया है।

## गणगौरी बाजार में गंदगी का तांडव, पालिका की लापरवाही चरम पर

### अध्यक्ष के घर के सामने ही नालियों में कीचड़-दुर्गंध, फिर भी सफाई कर्मी नदारद

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा (निस.)** कस्बे के गणगौरी बाजार की हालत इन दिनों नारकीय बन चुकी है। नालियां कीचड़ व सड़े गंदे पानी से लबालब भरी पड़ी हैं और पूरे क्षेत्र में ऐसी असहनीय दुर्गंध फैली है कि सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। यह हाल किसी दूर-दराज इलाके का नहीं, बल्कि उसी रास्ते का है जहाँ नगर पालिका की वर्तमान अध्यक्ष संगीता अग्रवाल का निवास स्थान स्थित है। इसके बावजूद पालिका प्रशासन की लापरवाही अपने चरम पर है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि सफाई कर्मियों की नियमित ड्यूटी तो दूर, कई दिनों से कोई झांकने तक नहीं आया। गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहने से बाजार में गंदगी फैल रही है और मच्छरों से बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने बार-बार नगर पालिका के जमादार को शिकायत दी, लेकिन हर बार सिर्फ अनसुनी ही मिली। स्वच्छ भारत मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिख रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। कस्बेवासी बदहाल सफाई व्यवस्था से त्रस्त हैं और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले भर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

### पुलिस टीमें आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय का दे रही संदेश।

जयपुर टाइम्स



**भरतपुर(निस.)** पुलिस मुख्यालय एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर कैलाश विश्नोई के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में शाम को सभी थानों की पुलिस टीमें अपने अपने इलाके के मुख्य बाजारों, शहर व कस्बों आदि में पैदल गश्त कर रही है, सभी थानों के थानाधिकारी अपने अपने इलाको में पुलिस टीमों के साथ पैदल गश्त कर रहे हैं। जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृताधिकारीगण भी पैदल गश्त को चैक कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक पैदल गश्त की जा रही है, इस दौरान पुलिस बल द्वारा जिले के सभी मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है तथा आमजन से संवाद स्थापित कर पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

## राजपूत सभा के युवा जिला अध्यक्ष विनय परमार की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया



जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निस.)** राजस्थान में दिनांक 23नवंबर को जिला राजपूत सभा भवन धौलपुर पर राजपूत सभा के युवा जिला अध्यक्ष विनय परमार की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें भारी तादाद में राजपूत समाज के युवा एकत्रित हुए इसी क्रम में राजपूत सभा युवा ब्लॉक अध्यक्ष सरमथुरा की जिम्मेदारी मयंक सिंह चौहान सर मथुरा को दी गई एवं बसेड़ी युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजपूत सभा की जिम्मेदारी विष्णु सिंह परमार उर्फ़ चिंटू को दी गई कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर ध्यान केंद्रित किया एवं इस अवसर पर मानु परमार सूरोठी ,बंटी परमार ,राधेश्याम परमार ठाकुरदास का नगला, सत्यम चौहान ,मनीष तोमर, गोलू परमार ,गोविंद सिंह जादौन, मानवेंद्र सिंह कुनकुटा अनुराग परमार विवेक जादौन प्रभात चौहान रानू परमार मनीष जादौन विवेक अजय परमार ने बधाई दी और हर्ष व्यक्त किया एवं तमाम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सजग रहकर कार्य करें - हुक्म मीणा

# वोट चोरी रोकने के महाअभियान को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस.)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र धौलपुर की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विधायक शोभा रानी कुशवाहा के कार्यालय पर किया गया बैठक में विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण शिविर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धौलपुर शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धौलपुर ग्रामीण की संयुक्त रूप से आयोजित किया गया प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त धौलपुर विधानसभा प्रभारी हुक्म मीणा ने कहा कि सभी विधानसभा के बूथ लेवल एजेंट संगठित होकर सजग होकर एस आई आर प्रक्रिया में भाग ले प्रभारी हुक्म मीणा ने आयोजित बूथ स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में अभियान के बारे में विस्तार से एक-एक बिंदु वार सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को जानकारी दी उन्होंने वोट चोरी रोकने की रणनीतियां एवं बूथ स्तर पर जागरूकता और मतदाता सुरक्षा के उपायों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ इस प्रक्रिया को पूर्ण करना है प्रदेश प्रभारी ने इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि देश में हो रही बोट चोरी को रोकने में हमारे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मजबूती के साथ काम कर रहे हैं और वोट चोरी रोकने के महाअभियान को लेकर हम सभी सतर्क और सजग हैं उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वोट चोरी करके सरकार बनाने का काम कर रही है हम इनको सफल नहीं होने देंगे उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चाहे जितनी कोशिश करले लेकिन जायज वोट कटने नहीं देंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा समस्या समाधान के लिए बार रूम में कंट्रोल रूम बनाया गया है बूथ लेवल कार्यकर्ता दुरभाष के माध्यम से किसी भी शिकायत को दर्ज कर सकता है बूथ स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व सभापति कमल कंसाना,पूर्व प्रधान मोनू जादौन, पूर्व उपसभापति इसरार खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद नज्जू खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शहजाद जलमानी, गोरेलाल कुशवाहा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कोई भी पात्र नागरिक छूट न पाए और अपात्र नागरिक मतदाता बन ना पाए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सजग रह कर मतदान करने का आवाहन किया प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष उमर फारूक,ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण शिबू लोधा नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव फरहत खान, धौलपुर विधानसभा क्षेत्र की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता रामराज , अमर सिंह, दीपचंद, नेमीचंद, दीवान सिंह तेज सिंह, पार्षद आनंद मिश्रा शहंशाह तोमर, प्रमोद पचौरी, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## हरमाड़ा के बालाजी विस्तार मांचडा में मां महालक्ष्मी के अष्टम पाटोत्सव पर भक्त झूम उठे

जयपुर टाइम्स



**हरमाड़ा(निस.)** स्थित बालाजी विस्तार मांचडा में सर्व मंगल करणी श्री महालक्ष्मी जी का अष्टम पाटोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण को फूलों, विद्युत सजावट और रंग-बिरंगी लाइटों से सुसज्जित किया गया, जहां सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही। महंत चिरंजी लाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां लक्ष्मी का जन्मदिन विशेष रूप से मनाया गया। छह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत श्री सूक्त पाठ, मां महालक्ष्मी जी का महा अभिषेक, मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना की गई। पाटोत्सव के मुख्य दिवस पर विधि-विधानपूर्वक आरती कर मां लक्ष्मी के समक्ष केक काटकर उनका जन्मोत्सव मनाया गया। केक कटने के साथ ही 'हैप्पी बर्थडे टू लक्ष्मी मां' की धुन पर कई भक्त भजनों की तान पर झूम उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। महालक्ष्मी जी के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और श्रद्धालुओं के चेहरों पर विशेष उत्साह और आस्था साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी व पंगत प्रसादी की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। अंत में महंत चिरंजी लाल ने सभी उपस्थित भक्तों को मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर लक्ष्मी माता के समस्त भक्तगण और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज विद्यार्थियों का उग्र प्रदर्शन, कुलपति का पुतला फूंका

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक.(निस.)** कस्बे के राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सैंकड़ों विद्यार्थियों ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ देर के लिए माहौल गर्मा गया। सूचना मिलते ही सांभरलेक थाना अधिकारी राम मिलन मीणा मय जाब्ता कॉलेज परिसर में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। सुबह से ही सैंकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मुख्य द्वार पर जुटना शुरू हुए। करीब 11 बजे सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान छात्र छात्राओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर धरना देकर प्रदर्शन किया। वहीं राजस्थान विश्व विद्यालय के कुलपति का पुतला फूंका। सैंकड़ों की संख्या में मौजूद विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी की और आक्रोश जताया। पुलिस के पहुंचने के बाद कॉलेज प्राचार्य एमए कुरैशी धरना प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों के पास पहुंचे और उनसे समझाइश की। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने प्राचार्य को खरी खोटी सुनाई। इसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर विद्यार्थियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि बैंक प्रमोटेड और नोट प्रमोटेड छात्रों को प्रमोट किया जाए, री रिवॉल्यूशन फीस कम करने, अतिरिक्त फीस वापस देने, महाविद्यालय में रिक्त पदों पर व्याख्याताओं, प्रयोगशाला सहायकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति, लाइब्रेरी और कैंटीन शीघ्र शुरू करने सहित विभिन्न मांगे शामिल हैं। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दस दिन में इन मांगों का समाधान नहीं हुआ तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और भूख हड़ताल की जाएगी। इस दौरान सहायक पुलिस उप निरीक्षक सत्यनारायण कुमावत, हैड कांस्टेबल महेश ढाका सहित भारी पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। इस अवसर पर छात्र नरेश गुर्जर, प्रियंका जांगिड, रेखा वर्मा, पूजा कुमावत, मोनिका गोठवाल, सुमन सुकरिया, किरण देवतवाल, ज्योति सैनी, अंकिता, कोमल, सोनू, अरविंद5 सलमा सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले के 87 बूथों पर एसआईआर का शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन सर्वाधिक बाड़ी के 59 बूथों पर उपलब्धी

### शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन करने वाले बीएलओ का होग सम्मान



जयपुर टाईम्स

**धौलपुर,(निस.)** जिले के 87 बूथों पर एसआईआर का शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूर्ण कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि इनमें सबसे सर्वाधिक 78-बाड़ी में 59, 77-बसेड़ी के 17, 79-धौलपुर के 6 तथा 80-राजाखेड़ा के 5 सहित कुल 87 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ से अपील करते हुए कहा कि आप अपनी कार्यशैली से आपके क्षेत्राधिकार के आसपास के शेष बूथ लेवल अधिकारी की सहायता करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करें एवं लाभान्वित कराते हुए राष्ट्र कार्य में अपना योगदान निभाएं। उन्होंने बताया कि जिले की विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 1 लाख 78 हजार 268, 78-बाड़ी में 2 लाख 14 हजार 838, 79-धौलपुर में 1 लाख 68 हजार 423 तथा 80-राजाखेड़ा में 1 लाख 49 हजार 925 कुल 7 लाख 11 हजार 454 ईएफ 77.51 प्रतिशत को डिजिटाइड किया गया है। शत-प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ का होगा सम्मान निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत परिगणना अवधि में 24 नवम्बर की सुबह तक जिन बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत परिगणना डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी द्वारा 25 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे नगर परिषद सभाकक्ष मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में कार्यक्रम आयोजित कर बीएलओ का सम्मान किया जाएगा।

## हरसूलिया में प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल, 11 जोड़ों के बंधेंगे पवित्र बंधन

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर(निस.)।** श्रीयादे प्रजापति सेवा संस्थान की ओर से मंगलवार, 25 नवंबर को जय मां दुर्गा गौशाला, एलएनटी रोड हरसूलिया में सामूहिक निःशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। समाज की परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाले इस आयोजन में 11 जोड़े सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करेंगे। कन्याओं को संस्था की ओर से गृहस्थी का सामान, जेवर व अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की गई है। एक दिन पहले सोमवार को सम्मेलन की शुरुआत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। सुबह 101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। गौशाला मुख्य द्वार से रवाना हुई यात्रा यज्ञ स्थल की परिक्रमा करती हुई सम्मेलन पांडाल तक पहुंची। आचार्य प्रभाकर दाधीच ने पूजा-अर्चना और विधि-विधान करवाए। कार्यक्रम संयोजक बाबूलाल प्रजापति और काना राम प्रजापति के नेतृत्व में कलश यात्रा सम्पन्न हुई। मौके पर रामकरण दास महाराज, रोशन प्रजापति, धन्नालाल प्रजापति, मोहनलाल (श्रीरामपुरा), छीतर लाल, मुकेश प्रजापति, शिवराम, महेश शर्मा, बाबूलाल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इधर, मंगलवार को शुभ मुहूर्त में गौशाला परिसर में श्री यादें मां की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा भी सम्पन्न होगी। सम्मेलन स्थल पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है।

## 14 वर्षीय बालक कृष्ण कुम्हार 12 दिन से लापता, पुलिस के हाथ खाली

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस.)।** कस्बे के निकटवर्ती कुहाड़ा गांव का 14 वर्षीय बालक कृष्ण कुम्हार रहस्यमयी परिस्थियों में पिछले 12 दिनों से लापता है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस-प्रशासन की लापरवाही के कारण आज तक बच्चे का कोई सुराग तक नहीं लग पाया है। परिजनों की व्यथा अब आक्रोश में बदलती दिखाई दे रही है। परिवार ने बताया कि 13 नवंबर की सुबह कृष्ण कुम्हार निजी स्कूल जाने के लिए घर से निकला, लेकिन स्कूल तक नहीं पहुंचा। शाम को जब वह घर नहीं लौटा तो आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की गई, परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी और कागजी साबित हुई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने शुरुआती दिनों में न जांच को तेज किया, न ही किसी विशेष टीम का गठन, जिससे महत्वपूर्ण समय बर्बाद हुआ और सुराग मिलने की संभावना भी कम हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस पहले दिन से ही गंभीर होती, तो मामला आज यहाँ तक नहीं पहुंचता। बढ़ती चिंता और पुलिस की ढीली कार्यशैली से परेशान होकर लापता बालक कृष्ण के पिता बाबूलाल कुम्हार, भाई सुनील कुमार सहित परिवारजन सोमवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई से मिले।परिजनों ने एसपी को पुलिस की लापरवाही से अवगत कराते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया और मांग की कि बच्चे की तलाश के लिए तुरंत स्पेशल टीम गठित की जाए तथा हर कोण से जांच तेज की जाए।वही परिवार जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी से भी मिला। परिजनों ने प्रशासन के सामने टूटते हौसले का दर्द बयां किया और कहा कि हमने पुलिस पर भरोसा किया, लेकिन बारह दिन बीत गए और न कोई टीम ठीक से लगी, न कोई सुराग सामने आया। कुहाड़ा गांव में भी घटना को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे के लापता होते ही पुलिस को सक्रिय हो जाना चाहिए था, लेकिन यहां पुलिस की निष्क्रियता ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने, आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने जैसी बुनियादी कार्रवाई भी समय पर नहीं की गई।

**कृष्ण के पिता बाबूलाल कुम्हार का कहना है–**

हमारा बच्चा बारह दिन से घर नहीं लौटा... पुलिस कहती रहती है कि जांच चल रही है, लेकिन अब तक एक भी सुराग नहीं मिला। प्रशासन जल्द कार्रवाई करे। परिवार और ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तुरंत सर्च ऑपरेशन तेज करे और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। फिलहाल परिजन अपने लापता बच्चे की एक झलक देखने की उम्मीद में हर दरवाजे पर गुहार लगा रहे हैं, और पुलिस की धीमी कार्रवाई ने उनकी पीड़ा को और गहरा कर दिया है। इधर विराटनगर थाना अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि पीड़ित परिवार की लिखित परमिशन के बाद फोटो व जानकारी हमारे पीआरओ को भी भिजवाएंगे व मीडिया की भी सहायता ली जाएगी,साथ ही फिलहाल मामले में जांच जारी है।

## लॉटरी से जयपुर के बगरू विधानसभा से 20 कामगारों का चयन



### माटी कला बोर्ड देगा विधुत चालित चाक ओर मिट्टी गुथने की मशीन

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निस.)।** राजस्थान श्रीयादे माटी कला बोर्ड ने जयपुर जिले के 20 कामगारों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया है बगरु विधानसभा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवटा में श्रीयादे माटी कला द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के तहत श्रीयादे माटी कला बोर्ड जागरूकता शिविरो के जरिए आवेदन प्रक्रिया पूरी करवाई। जयपुर जिले से प्राप्त 2 दिव्यांग ओर 4 विधवा महिला को वरीयता दी गई है। जबकि शेष 14 का चयन लॉटरी माध्यम से हुए। बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी रोहित ने बताया की चयनित कामगारों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करके प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे उन्हें बर्तन बनाने के अलावा खिलौने, कलाकृतियां टेराकोटा मुखौटा व मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा तथा प्रत्येक कामगार को एक मिट्टी गूंथने की मशीन व एक विधुत चालित चाक निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर में गोविंद राम चौधरी चैयरमेन सहकारी समिति, गणेश प्रजापति जिलाध्यक्ष जयपुर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ, शिवचंद डुक्या पूर्व सरपंच, जगदीश प्रजापत, महेंद्र खंडवा भाजपा नेता,लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा समिति से विनोद पुनीया,विनोद राठौड़ एवं बगरु विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में माटी कला से जुड़े कामगारों ने भाग लिया।

## कर्तव्य का पालन नहीं करने वाले सुपरवाइजर को किया गया निलंबित

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी आदर्श नगर ने जारी किये निलंबन आदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने एवं कर्तव्य का पालन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के आदर्श नगर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले सुपरवाइजर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी आदर्श नगर श्यामा राठौड़ ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार मेहरा को सुपरवाईजर नियुक्त किया था। उक्त कार्मिक द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिससे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य बाधित हुआ है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी आदर्श नगर श्यामा राठौड़ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्ता के कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एंव अनुशासनहीनता के चलते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार मेहरा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलंबन काल में उक्त कार्मिक का मुख्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर रहेगा।

## चूरू जिले में पांच नई पंचायत समितियों का गठन सरदारशहर और राजगढ़ में 3-3, चूरू और तारानगर में 2-2 पंचायत समितियां




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने रविवार को अधिसूचना जारी कर चूरू जिले में पांच नई पंचायत समितियों का गठन किया है। इसके साथ ही जिले में अब पंचायत समितियों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। नई गठित पंचायत समितियों में चूरू उत्तर, भालेरी, सरदारशहर पूर्व, भानीपुरा और चांदगोठी शामिल हैं। पहले जिले में आठ पंचायत समितियां थीं। इस बदलाव के बाद सरदारशहर और राजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में अब 3-3 पंचायत समितियां हो गई हैं, जबकि चूरू और तारानगर में 2-2 पंचायत समितियां होंगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के विधानसभा क्षेत्र तारानगर में अब दो पंचायत समितियां हैं। इन दोनों पंचायत समितियों में 54 के बजाय 62 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं। नई पंचायत समितियों में चूरू उत्तर का मुख्यालय चूरू, भालेरी का मुख्यालय तारानगर और चांदगोठी का मुख्यालय राजगढ़ ही रहेगा। जिले की पुरानी पंचायत समितियों में चूरू, राजगढ़, तारानगर, सिधमुख, रतनगढ़, सरदारशहर, सुजानगढ़ और बीदासर शामिल थीं। अब इनके साथ चूरू उत्तर, सरदारशहर पूर्व, भानीपुरा, भालेरी और चांदगोठी जुड़ गई हैं।

## दो दिनों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की खुशियां हो रही काफूर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की खुशियां पिछले दो दिनों से काफूर हो रही हैं। दरअसल एआईसीसी द्वारा जारी सूची में 45 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्तियां राजस्थान भर में की गई हैं। जिसमें सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल को भी कांग्रेस का चूरू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लेकिन विधायक मनोज मेघवाल से जो भी कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता मिलकर बधाई देने का प्रयास कर रहा है, उसकी बधाईयां अस्वीकार हो रही है। अंदर खाने से आई बात मानें, तो उनका जिलाध्यक्ष बनने का मूड नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में दो दिनों से कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता नव नियुक्त चूरू जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मेघवाल का स्वागत करना चाह रहे हैं, जश्न मनाना चाह रहे हैं। लेकिन उनके द्वारा ये सब स्वीकार नहीं किए जाने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की खुशियां काफूर हो रही हैं। कुछ कांग्रेस नेताओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि आलाकमान उनको मनाने में भी जुटा है और लगातार प्रयास स्थानीय स्तर पर भी जारी हैं। दूसरी ओर मनोज मेघवाल के जिलाध्यक्ष बनने के बाद अब तक उनके स्वागत का छायाचित्र भी सामने नहीं आया है। कार्यकताओं का कहना है कि सुजानगढ़ के विधायक को काफी बड़ी जिम्मेदारी पार्टी ने दी है, तो यह अपनी कार्यक्षमता को साबित करने का वक्त है। लेकिन जिस प्रकार से अरूचि की भावना सामने आ रही है, वो कार्यकर्ताओं में निराशा पैदा करने वाली है।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज अभियान की राजस्थान में शुरुआत, 16 दिसम्बर तक होंगे चयन साक्षात्कार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रतिभा खोज अभियान की रविवार को राजस्थान में औपचारिक शुरुआत हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा एआईसीसी द्वारा अभियान हेतु नियुक्त सह-संयोजक साधना भारती ने संयुक्त रूप से अभियान का लॉन्च किया। इस राष्ट्रीय स्तर के अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में गतिशील प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्टों, रिसर्च कोऑर्डिनेटर्स और प्रचार कोऑर्डिनेटर्स के रूप में कार्य करने के इच्छुक प्रतिभावान




कार्यकर्ताओं का चयन करेगी। लॉन्चिंग अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रतिभागियों के आवेदन हेतु विशेष क्यूआर कोड जारी किया गया। इसे स्कैन कर ऑनलाइन फार्म भरकर पंजीकरण किया जा सकेगा। साथ ही अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार पोस्टर का विमोचन भी डोटासरा और जूली ने किया। अभियान के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर एक कमेटी गठित की गई है, जिसका संयोजक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मीडिया से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्टों और पीआर कोऑर्डिनेटर्स की नई टीम तैयार करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है, जो 16 दिसम्बर, 2025 को सम्पन्न होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के साथ-साथ सभी संभागों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये गये हैं, जो जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ मिलकर स्थानीय स्तर पर प्रतिभाशाली युवाओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ेंगे। अभियान में भाग लेने के लिए ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के तहत प्रदेश स्तर पर साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। एआईसीसी की मंशा है कि कांग्रेस विचारधारा में विश्वास रखने वाले, पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक और योग्य व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें संगठन में जिम्मेदारी देने का अवसर प्रदान किया जाए।

## डोटासरा कांग्रेस के गिरते जनाधार से बौखलाकर भ्रामक और असत्य बयान कर रहे है जारी : मदन राठौड़

### जनसुनवाई को भाजपा कार्यकर्ताओं के आक्रोश को ठंडा करने का प्रयास बताना डोटासरा का जनता विरोधी चरित्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा का बयान ना केवल हास्यास्पद हैं बल्कि उनकी बौखलाहट और राजनीतिक हताशा को भी साफ-साफ प्रकट करता हैं। जिन नेताओं को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है, आज वही लोग भाजपा सरकार पर ऊँगली उठाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस के गिरते जनाधार को देखते हुए उनके इन आधारहीन आरोपों को गंभीरता से लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध होकर जनसुनवाई चला रही है। जनसुनवाई को भाजपा कार्यकर्ताओं के आक्रोश को ठंडा करने का प्रयास बताना डोटासरा का जनता विरोधी चरित्र दिखाता है। राठौड़ ने कहा कि डोटासरा प्रशासनिक अराजकता अफसरशाही की मनमानी और मंत्रियों की आपसी कलह का असली प्रदर्शन तो आपकी ही पिछली कांग्रेस सरकार ने पेश किया था। रात-रात भर बदलते आदेश कुर्सी बचाते मुख्यमंत्री, होटल में विधायकों की बाड़ाबंदी आपस में गुटबाज़ी को राजस्थान आज भी भूला नहीं है। आज भाजपा सरकार में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की स्पष्ट नीति है जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस शासन का पूरा कार्यकाल ही पर्चियों दलालों और बिचौलियों पर टिका था। आज डोटासरा ही पर्चियों की बात करें यह बहुत बड़ी



विडंबना है। भाजपा सरकार में न पर्चा चलती है न पैरवी केवल लोकतांत्रितक प्रक्रिया नियम और पारदर्शिता चलती है। मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस 2023 की हार पचा नहीं पाई और अब 2028 का दिवास्वप्न देख रही है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस अब प्रदेश की जनता के दिल और दिमाग दोनों से बाहर हो चुकी है। जहाँ भाजपा सरकार विकास और सुशासन दे रही है वहीं कांग्रेस केवल बयानबाज़ी और भ्रम फैलाने में लगी है। राजस्थान की जनता आज स्पष्ट रूप से भाजपा के साथ है। कांग्रेस को इसे स्वीकार करने का साहस नहीं है इसलिए वे हर दिन नया आरोप गढ़ रहे हैं। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार जनता के विकास सुरक्षा और सुशासन के लिए निरंतर काम कर रही है। 2028 क्या कांग्रेस को उससे पहले ही एहसास हो गया है कि राजस्थान की जनता अब उन्हें मौका देने वाली नहीं है।

## एन्ट्री फीस के नाम पर वसूले गए लाखों रूपए रिकवर करने की मांग....

### भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने की मेला रद्द करने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एन के लोहिया स्टेडियम में चल रहे ट्रेड फेस्टिवल को बंद करने की मांग को लेकर भाजपा नेता व पूर्व उप सभापति बाबूलाल कुलदीप ने नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल को ज्ञापन सौंपा है। स्वायत शासन विभाग सचिव रवि जैन के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ की जनता की संपति पर आकर कोई फर्म ने मेला लगाया और अब सुजानगढ़ की जनता से ही एंट्री फीस के नाम पर लाखों रूपयों की वसूली कर ली गई है। अतः इस मेले की परमिशन को रद्द कर अब तक वूसले गए लाखों रूपयों की धनराशि वापस रिकवर की जाकर जनता को प्रदान की जावे और इस प्रकार से बिना किसी परमिशन के जनता पर टैक्स लगाने वाले लोगों पर कार्यवाही की जावे। ज्ञापन में बताया गया है कि दसों सालों से मेला लग रहा है, लेकिन इस पर एंट्री फीस के नाम पर नगरपालिका एक्ट की धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है। अतः भोली भाली जनता के साथ हो रही इस कथित लूट को बंद किया जावे। ज्ञापन की प्रति स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, जिला कलक्टर चूरू को भी भेजी गई है। इस दौरान जब्बार भूट्टा, मनसब खां, वीरेंद्र गहलोत, धनराज रणवा आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार पूर्व पार्षद राकेश प्रजापत ने भी ज्ञापन नगरपरिषद आयुक्त को सौंपकर बताया है कि मेले में अगर कोई गरीब व्यक्ति आता है, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। वहीं एक विडियो भी सामने आया है, जिसमें एक गरीब व्यक्ति को मेले के बाहर लगे गार्ड लाठियों से डराते हुए नजर आ रहे हैं, हलांकि यह व्यक्ति विशेष योग्य व्यक्ति नजर आ रहा है। फिर भी अगर मेले के गार्डों द्वारा उसको लाठियों से डराने का प्रयास किया जा रहा है, तो यह अपने आप में एक अमानवीय पहलू भी है। नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि दो ज्ञापन मिले हैं, जिनको उपखंड अधिकारी को भेजा गया है, ताकि वो मामले की जांच कर सकें। क्योंकि मेले की परमिशन उपखंड अधिकारी द्वारा की दी जाती है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का सम्मान

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांसं.)** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 का कार्य संपादित किया जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सुमन चौधरी ने बताया कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के 284 मतदान केंद्रों पर 284 बीएलओ प्रतिनियुक्त हैं। इनके कार्य की मॉनिटरिंग 30 सुपरवाइजरों द्वारा की जा रही है तथा 5 ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है, जो क्षेत्र में कार्यरत सभी कार्मिकों के कार्यों का सघन पर्यवेक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 59 हजार 470 मतदाता पंजीकृत हैं। क्षेत्र के भाग संख्या 21, 94 एवं 159 में कार्यरत बीएलओ अशोक कुमार शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा एवं मुकेश कुमार शर्मा तथा उनके सुपरवाइजर जयराम, इंदुशेखर पारीक एवं दिलीप राव ने अपने दायित्वों के प्रति विशेष सक्रियता एवं परिश्रम प्रदर्शित करते हुए घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्रों का वितरण, पुनः प्राप्ति एवं डिजिटाईजेशन का कार्य निर्धारित समय-सीमा से पूर्व



ही आज दिनांक 24 नवंबर को पूर्ण कर लिया। उत्कृष्ट कार्य एवं समय से पूर्व 100 प्रतिशत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने पर इन सभी को प्रतिभा वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर एवं सुमन चौधरी, ईआरओ, विद्याधर नगर द्वारा माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास शर्मा, पर्यवेक्षक द्वारा भी कार्य के क्रियान्वयन हेतु विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चुनाव नियंत्रण केंद्र, मुरलीपुरा बीड में संगीता जैन, आस्था चंदेलिया, संतोष वर्मा, विकास शर्मा सहित क्षेत्र में कार्यरत अनेक सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे पैदल चल रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत

### पुलिस ने करवाया शव का पोस्टमार्टम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के चुरू रोड पर उदासर बिदावतान गांव के पास सड़क किनारे चल रहे 22 वर्षीय युवक जयप्रकाश जाट की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। सोमवार को राजकीय उपजिला अस्पताल पहुंची भालेरी पुलिस ने मोर्चरी में रखे हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। भालेरी पुलिस थाने के एएसआई हरफूलसिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के बड़े भाई उदासर बिदावतान निवासी नंदराम पुत्र मोहनराम जाट ने रिपोर्ट दी है कि चूरू



जाने वाली सड़क पर हमारा एक खेत है और खेत में कुआं बना हुआ है। जहां पर हम ढाणी बनाकर परिवार सहित रहते हैं। रविवार को मेरा छोटा भाई जयप्रकाश जाट उम्र 22 साल गांव आया हुआ था। रविवार शाम को करीब 7 बजे गांव से खेत की तरफ सड़क किनारे पैदल-पैदल चल रहा था। उस वक्त किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए सड़क किनारे चल रहे मेरे छोटे भाई जयप्रकाश को टक्कर मार दी। जिससे जयप्रकाश गंभीर घायल हो गया। हमारे गांव के लोगों ने जयप्रकाश को सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नगरपरिषद की बेशकीमती भूमि को फर्जी तरीके से बचने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियो को किया न्यायालय में पेश, न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के मेगा हाईवे पर वन विभाग के सामने नगरपरिषद की बेशकीमती भूमि को फर्जी तरीके से बेचने के मामले में वार्ड 43 निवासी 71 वर्षीय फुसे खां पुत्र अस्तलि खा कायमखानी और वार्ड 25 निवासी 58 वर्षीय बनजी का पुत्र अस्तलि खां कायमखानी को पुलिस ने चार दिन पहले गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए हैं। न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को जिला कारागृह में भेजा गया। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 29 निवासी अब्दुल जफर कायमखानी ने मामला दर्ज करवाया था कि बनजी का पुत्र अस्तलि खां कायमखानी और फुसे खां पुत्र अस्तलि खां कायमखानी ने सरदारशहर के मेगा हाईवे पर वन विभाग के सामने नगरपरिषद के खातेदारी की भूमि को फर्जी तरीके से व बिना किसी अधिकार के कायम करने के दुराशय से ओने पाने दामों में बेच दी। मामला दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया गया। अनुसंधान



में सामने आया कि जो भूमि बेची गई थी उसे जमीन के संबंध में सीकर से सेटलमेंट विभाग की टीम, नगर परिषद की टीम और राजस्व विभाग सहित तीनों विभागों की संयुक्त टीम द्वारा उक्त भूमि की पैमाइश की गई और निषादगी दी गई। उसके बाद में यह स्पष्ट हुआ कि जो जमीन फुसे खां और बनजी खां के द्वारा विक्रय की गई थी वह जमीन नगरपरिषद के खसरा नंबर 54 की थी। अनुसंधान में फुसे खां और बनजी खां द्वारा फर्जी तरीके से उक्त जमीन को बेचना पाए जाने पर उक्त दोनों को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि अनुसंधान में सामने आया है कि जिन लोगों ने यह जमीन खरीदी है उन लोगों ने भी ओने पोने दामों में यह जमीन खरीदी है। इस संबंध में भी अनुसंधान किया जा रहा है।

## ओम बन्ना धाम, पायली में नानी बाई का मायरा कथा में जीवन से लालच त्यागने का संदेश

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** तहसील के गांव पायली स्थित ओम बन्ना धाम में जारी 13वें वार्षिकोत्सव अवसर पर आयोजित सात दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा वाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले ने श्रद्धालुओं को जीवन से लालच त्यागने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सांसारिक मोहमाया में फंसकर मनुष्य लालच करता है, जो उसे भगवान से दूर कर देता है। कलयुग के बढ़ते प्रभाव के बीच आज की दुनिया में अक्सर लोग मतलब निकलने के बाद साथ छोड़ देते हैं, लेकिन ईश्वर हर परिस्थिति में अपने सच्चे भक्तों के साथ खड़े रहते हैं। सोमवार की कथा में उन्होंने नरसी मेहता को पत्रिका भेजने के प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भक्तिभाव, विश्वास और ईश्वर पर आस्था की महिमा समझाई। कथा प्रारंभ में मुख्य यजमान रमेश कंवर-जसवंतसिंह दंपत्ति ने



व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर धर्मध्वज फहराते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मंदिर परिसर में पंडित दिनकर महाराज के सानिध्य में चल रहे एक कुंडीय यज्ञ में मुख्य यजमान उदयभानसिंह, मुन्नीलाल शर्मा दंपत्ति सहित श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। महाराज ने कहा कि यज्ञ एक प्रकार की आध्यात्मिक चिकित्सा है। इससे वायुमंडल शुद्ध होता है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और रोगों में भी कमी आती है। उन्होंने कहा कि सत्संग में जाने से जीवन में निखार आता है तथा साधु-संतों के सानिध्य से मनुष्य के अंदर सकारात्मकता, संयम और सद्गुणों का विकास होता है, जो आगे चलकर मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस अवसर पर भंवरलाल शर्मा, स्वरूपसिंह, मगनसिंह, जगदीशसिंह, भंवरसिंह, पूर्णसिंह, गंगूसिंह, मामराज मेघवाल, रतनसिंह, रामेश्वर सांसी, मालूसिंह, मदनसिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।